


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,शनिवार 3 मई 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-035 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### गोवा के लैराई देवी मंदिर में भगदड़,6 की मौत

**पणजी,3 मई।** गोवा के शिरगांव मंदिर में वार्षिक जत्रा (धार्मिक जुलूस) के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह हादसा तब हुआ जब भारी भीड़ के बीच अचानक अफरातफरी फैल गई, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चश्मदीदों ने बताया कि भगदड़ के दौरान हालात बेहद डरावने हो गए थे और लोग एक-दूसरे पर गिरते-पड़ते बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने अभी तक भगदड़ के पीछे की वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, भीड़ ज्यादा होने और उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। घटना से जुड़ी अधिक जानकारी का इंतजार है।

### जम्मू कश्मीर और गुजरात में भूकंप

**नई दिल्ली,3 मई।** जम्मू कश्मीर और गुजरात में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि गनीमत ये रही है कि इस भूकंप में कोई हताहत नहीं हुआ है। गुजरात में शुक्रवार को देर रात 3.4 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं जम्मू कश्मीर में रात में आए भूकंप की तीव्रता 2.7 रही। लेह-लद्दाख में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप की तीव्रता 3.9 रही। गौरतलब है कि गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) के मुताबिक, गुजरात भूकंप के लिहाज से ज्यादा जोखिम वाला क्षेत्र है। यहां पिछले 200 साल में नौ बड़े भूकंप आए हैं। जीएसडीएमए के अनुसार, 26 जनवरी 2001 को कच्छ में आया भूकंप पिछली दो शताब्दियों में भारत में आया तीसरा सबसे बड़ा था। इसमें लगभग 13,800 लोग मारे गए थे और 1.67 लाख अन्य घायल हुए थे।

### नक्सली मुठभेड़ में वर्दीधारी नक्सली ढेर

**गरियाबंद,3 मई।** शोभा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली को ढेर कर दिया गया।



मौके से एसएलआर हथियार और जरूरी सामान बरामद हुआ है.अभी भी शोभा के जंगल में सर्चिंग जारी है। गरियाबंद एसपी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई। नक्सलियों ने पहले फायरिंग की, जिसके बाद जवानों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। फिलहाल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है और सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर है।

### 36 घंटे के बाद मिला लापता मछुआरे का शव

**बालोद,3 मई।** 36 घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाने के बाद लापता मछुआरे सोमन निसाद का शव तैरते हुआ मिला है। दरअसल, तांदुला डेम में सभी मछुआरे गुरुवार को मछली पकड़ने के लिए गए हुए थे। सोमन भी जाल बिछा रहा था, तभी अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी-तूफान के कारण डोंगा डेम में पलट गया और मछुआरा की पानी में डूबकर मौत हो गई। घटना बालोद थाना क्षेत्र की है। ग्राम बोरिद सोमन निसाद (48 वर्ष) रोज की तरह गुरुवार को मछली पकड़ने तांदुला डेम में गया था, लेकिन तेज हवाओं और मौसम की खराबी के बाद वह लौटकर नहीं आया। जबकि अन्य मछुवारे वापस घर आ गए। स्थानीय ग्रामीणों को जब उसकी नाव और मछली पकड़ने का जाल किनारे पर लावारिस हालत में मिले, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। लगातार गोताखोरों की टीम खोजबीन में जुटी हुई थी। आज सुबह डेम में तैरते शव को बाहर एसडीआरएफने पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

# पाकिस्तान से आयात पर पूरी तरह प्रतिबंध




**नई दिल्ली,3 मई।** भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाए हैं. मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक रणनीति को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान से सभी प्रकार के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है. यह निर्णय पाकिस्तान में उत्पादित या वहां से आने वाली वस्तुओं के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर लागू होता है. यह प्रतिबंध तुरंत प्रभाव से लागू किया गया है, चाहे वस्तुएं स्वतंत्र रूप से आयात की जाने वाली हों या विशेष अनुमति से. भारत ने आयात प्रतिबंध लगाने के अपने निर्णय से यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देता रहेगा, तब तक उससे किसी भी प्रकार का सहयोग, चाहे वह व्यापारिक हो या कूटनीतिक, नहीं किया जाएगा. इस निर्णय का पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा, जो पहले से ही संकट में है. भारत से आयात पर रोक लगने से पाकिस्तान के कई उद्योग, विशेषकर वे जो भारत पर निर्भर थे, प्रभावित होंगे. इसमें सीमेंट और ड्राई फ्रूट जैसी वस्तुएं शामिल हैं, साथ ही ई-कॉमर्स के माध्यम से मंगाई गई पाकिस्तानी वस्तुएं भी. इसका अर्थ यह है कि अब भारत में किसी भी तरीके से पाकिस्तानी वस्तुओं का प्रवेश नहीं हो सकेगा. भारत के साथ व्यापार पूरी तरह से समाप्त होने से पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार पर और अधिक दबाव पड़ेगा, जिससे उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि को भी नुकसान होगा, खासकर जब वह पहले से ही FATF जैसी संस्थाओं की निगरानी में है. 2019 में पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस ले लिया था, और यह नया कदम उसी नीति का एक हिस्सा है. इसके अतिरिक्त, भारत ने सिंधु जल संधि को समाप्त कर दिया है और पाकिस्तानी वीजा भी रद्द कर दिए हैं.



# उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन भारतमाला प्रोजेक्ट का किया औचक निरीक्षण

**रायपुर,3 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज अचानक निर्माणधीन रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेसवे का औचक निरीक्षण करने अभनपुर पहुंचे, यहां उन्होंने निर्माणधीन ओवरब्रिज एवं सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत माला प्रोजेक्ट एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सबसे पहले अभनपुर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज कार्य का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान अधिकारियों ने एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट कार्य की संपूर्ण जानकारी दी। श्री साव ब्रिज निरीक्षण के बाद ग्राम पंचायत भेलवाडीह के पास पहुंचे, यहां उन्होंने सड़क निर्माण के संबंध पूछताछ की। इस दौरान अधिकारियों से सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि, निर्माण में सभी मानकों का ध्यान रखा गया है। श्री साव ने निरीक्षण के बाद कहा कि, भारत सरकार की यह क्रांतिकारी परियोजना है, इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। इस हाइवे के बन जाने के बाद विशाखापट्टनम जाने में लंबी दूरी तय करना नहीं पड़ेगा। साथ ही यह आर्थिक गलियारा के रूप में महत्वपूर्ण साबित होगा। गौरतलब है कि, रायपुर से विशाखापट्टनम तक 464 किमी लंबा 6 लेन का एक्सप्रेसवे का अधिकतर कार्य पूर्ण हो गया है। इस एक्सप्रेसवे के जरिए छत्तीसगढ़ से ओडिशा होते हुए आंध्र प्रदेश पहुंच सकेंगे। यह रायपुर को धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरापुट और सब्बावरम शहर को जोड़ेगा। यह एक्सप्रेसवे विशाखापट्टनम बंदरगाह पर समाप्त होगा। इसका निर्माण भारतमाला परियोजना के तहत किया जा रहा है।

# ओडिशा से हो रही है हरे सोने की तस्करी



**गरियाबंद,3मई।** गरियाबंद के ओडिशा सीमा में इन दिनों बड़ा खेल खेला जा रहा है. यह खेल है तेंदूपत्ता याने हरे सोने की तस्करी कर स्थानीय लघु वनोपज समितियों में खपाने का. कच्ची सड़कों के जरिए दोपहिया मोपेड में बिचौलिए ओडिशा से तेंदूपत्ता लाकर अपने नाते-रिश्तेदार संग्राहकों तक पहुंचाते हैं, जिन्हें वे आसानी से तेंदूपत्ता खरीदी केंद्रों में खपा देते हैं. यह खेल सालों से धड़ल्ले से चल रहा है. झाखर पारा समिति के सीमावर्ती खरीदी केंद्रों में ओडिशा से आ रहे पत्तों के खेप की सूचना जब वन अफसर को मीडिया ने दी तो बाकायदा अफसर पहुंचे भी, कार्रवाई का लेखा-जोखा भी बनाया, लेकिन आखिरकार राजनीतिक दबाव के चलते कार्रवाई नहीं किया गया. हालांकि, रेंजर का दावा है कि वे आने वाले समय में तस्करी रोकने आगे कार्रवाई करेंगे. मिलावट के इस खेल में सरकार को लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि ओडिशा से खपाए जाने वाले पत्तों की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण अच्छी कीमत नहीं मिलती. सरकार गुणवत्ता हीन पत्तों के एवज में संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा भुगतान तो करती है, पर इसकी बोली लगाने वाले ठेका कंपनी इसके एवज में 5 हजार भी नहीं देते. बता दें कि जिले के 62 लघुवनोपज समितियों में से ओडिशा सीमा से लगे देवभोग रेंज के 7 समितियां ऐसी हैं, जहां के पत्तों की कीमत ठेका कंपनी कम आंक रही है. ऐसे में सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व को चूना लगाने काम किया जा रहा है.

# ब्राह्मण समाज ने किया है ज्ञान और संस्कार देने का कार्यः मुख्यमंत्री

**रायपुर,3 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के डंगनिया में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ब्राम्हण समाज ने सदैव समाज को ज्ञान और संस्कार देने का कार्य किया है। उन्होंने भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है और प्रभु श्रीराम हमारे भाँचा हैं। रामलला मंदिर निर्माण छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए गौरव और आस्था का विषय है। 'श्रीरामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत अब तक 22,000 श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना भी प्रारंभ की गई है, जिसमें श्रद्धालु सरकारी व्यय पर विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है और 44 प्रतिशत भूभाग वनों से आच्छादित है। नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। हमारी सरकार ने 31 मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त कराने का संकल्प लिया है।




इस अवसर पर महंत श्री वेदप्रकाशाचार्य, विधायक श्री मोतीलाल साहू, श्री अनुज शर्मा, श्री सुशांत शुक्ला, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, साहित्य अकादमी अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, श्रीमती सुमन अशोक पांडेय, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राम्हण समाज अध्यक्ष श्री शिवांजल शिव गोविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आतंकवाद और उसके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए भारत प्रतिबद्ध : नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली,3 मई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति लौरेंको और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 38 साल बाद अंगोला के राष्ट्रपति भारत आए हैं। उनकी यात्रा न केवल भारत और अंगोला के बीच संबंधों को एक नई दिशा देने वाली है, बल्कि भारत-अफ्रीका संबंधों को भी मजबूत करने वाली है। मोदी ने कहा कि भारत और अंगोला अपने राजनीतिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। जब अंगोला अपनी आजादी के लिए लड़ रहा था, तब भारत उसके साथ खड़ा था। आज हम विभिन्न क्षेत्रों में साझेदार हैं। भारत तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपने ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का फैसला किया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की रक्षा ऋण सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि हम अंगोला के सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण में सहायता करके खुश होंगे। अपनी विकास साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करेंगे। आज, हमने स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों में अपने संबंधों को और मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। अंगोला में योग और बॉलीवुड की लोकप्रियता हमारे सांस्कृतिक संबंधों की मजबूती का प्रतीक है। अपने लोगों से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए, हमने अपने युवाओं के बीच युवा विनिमय कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इसी दौरान नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। मैं पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ़ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अवैध रेत उत्खनन,हाईवा और माउंटेन मशीन जब्त

**महासमुंद,3 मई।** जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज चिंगरौद के महानदी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने अवैध रेत उत्खनन में संलग्न दो भारी वाहनों को मौके पर पकड़ा। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में एक हाईवा (वाहन क्रमांक सीजी 04 एनटी 3308) और एक चैन माउंटेन मशीन (टाटा हितैची) को जब्त किया गया। दोनों वाहनों को ग्राम कोटवार, चिंगरौद की सुपुर्दगी में रखा गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि संबंधित वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी जिले में कार्यरत खनिज पट्टेदारों और परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध परिवहन पास के किसी भी प्रकार का उत्खनन, परिवहन या भंडारण कानूनन अपराध है। कलेक्टर लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर जारी है।

# मंशा एक जैसी तो सभी को मिलेगी सजा

**नई दिल्ली,3 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि गैंगरेप के मामले में यदि किसी एक आरोपी ने भी यौन क्रिया (पेनेट्रेटिव एक्ट) की है, तो सभी आरोपियों को दोषी माना जाएगा, बशर्ते उन्होंने एक समान मंशा से अपराध किया हो. कोर्ट ने गैंगरेप के दोषियों की सजा को बरकरार रखते हुए यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह यह साबित करे कि हर आरोपी ने पेनेट्रेटिव एक्ट में भाग लिया. भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(g) के तहत, यदि गैंगरेप का मामला है, तो एक आरोपी के कृत्य के आधार पर सभी को दोषी ठहराया जा सकता है, यदि उन्होंने साझा मंशा के तहत कार्य किया हो. यह साझा मंशा इस धारा में निहित है. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायालय ने कहा कि आईपीसी की धारा 376(2)(g) के तहत सामूहिक बलात्कार के मामलों में, यदि सभी आरोपियों ने साझा मंशा से अपराध किया है, तो एक आरोपी द्वारा किया गया बलात्कारी कृत्य सभी को दंडित करने के लिए पर्याप्त है. कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि इस धारा के अंतर्गत, यदि एक से अधिक व्यक्तियों ने मिलकर




अपराध में भाग लिया, तो यह आवश्यक नहीं है कि हर व्यक्ति ने बलात्कार का कृत्य किया हो. केवल एक व्यक्ति द्वारा किया गया बलात्कार सभी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त है, बशर्ते साझा इरादा सिद्ध हो. यह टिप्पणी मध्य प्रदेश में 2004 में एक महिला के अपहरण और गैंगरेप के मामले में आरोपी की सजा को बरकरार रखते हुए की गई. आरोपी राजू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा उसकी सजा को बनाए रखने के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भले ही एफआईआर में केवल जलंधर कोल द्वारा बलात्कार का उल्लेख किया गया हो, पीड़िता ने अपने बयान में स्पष्ट रूप से राजू के भी बलात्कार में शामिल होने की बात कही है. न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि यह मान लिया जाए कि राजू ने बलात्कार नहीं किया, तो भी वह सामूहिक बलात्कार के लिए दोषी होगा यदि उसने अन्य आरोपी के साथ मिलकर कार्य किया हो. कोर्ट ने प्रमोद महतो बनाम बिहार राज्य (1989) के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में यह आवश्यक नहीं है कि हर आरोपी द्वारा बलात्कार के पूर्ण कृत्य का स्पष्ट प्रमाण हो; यदि वे एकसाथ कार्य करते हैं और पीड़िता के साथ दुष्कर्म की मंशा में सहभागी होते हैं, तो सभी को दोषी माना जाएगा.

### हाईकोर्ट में 12 से गर्मी अवकाश

**बिलासपुर ,3 मई।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गर्मी अवकाश को लेकर नोटिफिकेशन जारी की है. इसके अनुसार, हाईकोर्ट 12 मई 2025 (सोमवार) से 6 जून 2025 (शुक्रवार) तक बंद रहेगा और 9 जून 2025 (सोमवार) से पुनः खुलेगा. इस दौरान कुछ चयनित तिथियों को अवकाशकालीन बेंच न्यायिक कार्य करेगी. ग्रीष्मावकाश के दौरान सभी सिविल/आपराधिक/रिट मामले दाखिल किए जाएंगे. किसी भी आपात स्थिति में माननीय अवकाश न्यायाधीश माननीय मुख्य न्यायाधीश की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात अपने लॉर्डशिप की बैठक को किसी अन्य माननीय न्यायाधीश के साथ बदल सकते हैं.माननीय अवकाश न्यायाधीश प्रातः 10:30 बजे से डिवीजन बेंच कोर्ट का संचालन करेंगे.

# अयोध्या के राम पथ पर मांस और शराब की दुकानें बंद रहेंगी

**लखनऊ,3 मई।** अयोध्या नगर निगम जल्द ही अयोध्या में राम पथ का कायाकल्प करने जा रहा है, जिसके तहत शराब और मांस की सभी दुकानें बंद कर दी जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राम मंदिर तक 13 किलोमीटर लंबे हिस्से में पिछले साल से बड़े पैमाने पर पुनर्विकास किया जा रहा है और अब अयोध्या नगर निगम धार्मिक स्थल और लोगों की भावनाओं का हवाला देते हुए वहां शराब और मांस की कोई दुकान नहीं खोलने देगा। गुरुवार को अयोध्या नगर निगम की कार्यकारी समिति ने राम पथ के किनारे शराब और मांस की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया, जिसमें सड़क के धार्मिक महत्व का हवाला दिया गया। यह निर्णय क्षेत्र के धार्मिक महत्व के कारण लिया गया है। इस कदम से शहर के व्यापार संघ में चिंता पैदा हो गई है, जिसने प्रस्ताव लागू होने से पहले प्रभावित दुकानदारों के लिए वैकल्पिक स्थानों की व्यवस्था करने की मांग की है। पिछले एक साल में विकसित 13 किलोमीटर लंबा राम पथ, सआदतगंज से लता मंगेशकर चौक तक फैला हुआ है। इस पर सड़क के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण सहित बड़े पैमाने पर पुनर्विकास किया गया है। यह सड़क श्री राम जन्मभूमि पथ से जुड़ती है, जो राम मंदिर की ओर जाता है, और



भक्ति पथ, जो श्रृंगार घाट को हनुमान गढ़ी से जोड़ता है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि यह प्रतिबंध क्षेत्र के धार्मिक महत्व के अनुरूप है। उन्होंने कहा, राम पथ भगवान राम का नाम रखता है और आध्यात्मिक गरिमा रखता है। इस मार्ग पर शराब और मांस की बिक्री की अनुमति देना इसकी पवित्रता के अनुरूप नहीं है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि प्रस्ताव को समिति के सदस्यों का पूरा समर्थन प्राप्त है। इसके अलावा महापौर ने राम जन्मभूमि मंदिर के आसपास के क्षेत्र अयोध्या धाम में सिगरेट, बीड़ी, गुटखा और इनरवियर के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। त्रिपाठी ने कहा कि इस पवित्र क्षेत्र में ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में शराब और मांस की बिक्री पहले से ही प्रतिबंधित है और यह नया प्रस्ताव प्रतिबंध को राम पथ तक बढ़ाता है। शराब की बिक्री पर प्रतिबंध को लागू करने के लिए अयोध्या के जिला मजिस्ट्रेट को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है। मांस की दुकानों के लिए, आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को एक पत्र भेजा जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र मिश्रा ने प्रस्ताव के बारे में जानकारी होने की पुष्टि की, लेकिन कहा कि विभाग को अभी तक आधिकारिक प्रस्ताव नहीं मिला है। प्रस्ताव मिलने के बाद इसे अंतिम निर्णय के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

# कांग्रेस नक्सल अभियान पर भाजपा सरकार के साथ

## पूर्व पीसीसी चीफ घनेंद्र साहू के बयान की डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने की सराहना

**रायपुर,3 मई।** नक्सलवाद पर आखिरकार सत्तारुढ़ भाजपा सरकार के साथ विपक्षी दल कांग्रेस के सुर ताल एक होते नजर आ रहे हैं. यह बात पूर्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू के बयान से होती है, जिसमें उन्होंने नक्सलवाद के मुद्दे पर सरकार के साथ होने की बात कही थी. धनेंद्र साहू के बयान की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें फोन कर इस दिशा में सरकार के प्रयासों से अवगत कराया. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू से फोन पर नक्सल मुद्दे पर किए बातचीत को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. उन्होंने कहा कि उनके (धनेंद्र साहू) के साथ कांग्रेस के कई नेताओं के (नक्सलवाद पर) सकारात्मक बातों को सुनकर धन्यवाद देने के लिए फोन किया है. हम सरकार के साथ है, और लाल आतंक समाप्त होना चाहिए. इस पर धनेंद्र साहू ने कहा कि जो सच्चाई है, वह बोलना ही है. इस पर हम सरकार के साथ हैं. पहली बार इतनी कार्रवाई हो रही है. विपक्ष का मतलब यह नहीं है कि सही काम का भी विरोध किया जाए. इसके साथ ही विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पुंडम की जानकारी देते हुए बताया कि नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए अलग से सर्वे कराकर प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया जा रहा है. इसके अलावा बस्तर में शांति की स्थापना के लिए अपना बलिदान देने वालों की स्मृति में बलिदानी स्मारक बनाकर उसमें संगमरमर की मूर्ति लगाई जाएगी. इस तरह से 500 से अधिक बलिदानी स्मारक बनाया जाएगा. इसमें एक स्मारक के निर्माण में तीन लाख तीन हजार रुपए का खर्च आएगा. साहू ने कहा कि बलिदान देने वालों का यह बड़ा सम्मान है. यह सराहनीय कार्य है. इस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एक विषय पर एक साथ बैठकर चर्चा कर पूरी दुनिया को संदेश दे देंगे कि कुछ भी हो जाए इस विषय पर हम सब एक साथ हैं. इसके साथ ही झीरम घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वे स्वयं (उप मुख्यमंत्री) इस बार स्थल पर जाकर अपनी जान गंवाने वाले नेताओं को श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्प अर्पित करेंगे. इस पर धनेंद्र साहू ने कहा कि यह एक ऐसी चीज है कि जो पार्टी से अलग हटकर है.

## एक नजर

### शासकीय नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटवाया गया

**भिलाईनगर , 3 मई।** अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का नबंर 43 खसरा नबंर 541 में अनिल अग्रवाल द्वारा लगभग 8000 वर्गफीट में प्रिकास्ट लगाकर घेरा किया जा रहा है। जबकि ग्राम जुनवानी राजस्व अभिलेख में अनिल अग्रवाल पिता घनपत अग्रवाल के नाम पर खसरा नबंर 541/81 रकबा 0.04 दर्ज है। पूर्व में उक्त भूमि का स्थल निरीक्षण गठित टीम द्वारा किया गया था। जिस पर बृजेश शर्मा द्वारा मुरूम डालकर एवं प्रिकास्ट घेरा करके अतिक्रमण किया गया था। जिसे संयुक्त रूप से नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में रिक्त करवाया गया था। उक्त शासकीय भूमि भिलाई सीमा के अंदर होने के नाते हल्का पटवारी प्रतिवेदन में पंचनामा छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 1956 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप आज कार्यवाही की गई। अतिक्रमणकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के दुसरे खसरे में चालाकी पूर्वक अपना जमीन मानकर जानबुझ कर अतिक्रमण कर रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आज सुबह नगर निगम भिलाई के जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में ईएसआईसी हास्पिटल के सामने पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जा को रिक्त कराया गया। ततपश्चात उक्त स्थल पर पंचनामा तैयार कर शासन को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही के दौरान जोन प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, राजस्व निरीक्षक नजूल मीनू सिंह, सुपरवाईजर ईमान सिंह कनौजे, निरंजन असाटी, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक सिंह, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

### मेयर ने दी चेतावनी -साफ सफाई बेहतर बनायें, अवैध कब्जे खुद हटाएं नहीं तो होगी कार्रवाई



**दुर्ग, 3 मई।**नगर निगम दुर्ग के 60 वाडों में 1 मई से 8 जून जून तक तक महापौर महा-सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसके दूसरे दिन महापौर अल्का बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल और प्रभारी नीलेश अग्रवाल,नरेंद्र बंजारे,ज्ञानेश्वर ताम्रकर,पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर उपायुक्त मोहेंद्र साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेद्र,उपअभियंता विनोद मांझी,उपअभियंता उमायन्ति ठाकुर व अधिकारियों के साथ शुक्रवार को शहर के वार्ड 40 केलाबाड़ी चौक नाला व 39 इंदिरा नगर, नाला सहित मोहल्ले/गलियों में घूमकर विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और विभिन्न नाला-नालियों पर से अतिक्रमणों को हटाकर बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने और नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।महापौर ने केलाबाड़ी के भीतर नाला की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य अमले को बहुत नाराजगी जाहिर की। महापौर ने कहा कि सड़क किनारे और नालियों के ऊपर अवैध निर्माण अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर नागरिकगण भी मौजूद थे।महापौर अलका बाघमार द्वारा क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और केलाबाड़ी व इंदिरा नगर के स्थानीय नागरिकों से चर्चा भी की।साथ ही साथ इंदिरा कॉलोनी वार्ड 40 में महापौर ने दिए गए निर्देश में तत्काल बड़े चैन माउंटेन को लगाकर नाला सफाई भी कार्य जारी है।साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान लेबर कोर्ट के बाजू पेड़ से टकराते हुए बिजली तार को तत्काल प्रभाव से बंद करवा कर पेड़ को साफ कर वापस बिजली तार को सही किया गया एवं किसी भी प्रकार की अपनी घटना से बचाया गया।

### शंकर नगर पानी टंकी मैदान में बास्केट बॉल व बैडमिंटन कोट बनाने का निर्णय



**दुर्ग,3 मई।** नगर पालिक निगम।महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग प्रभारी लीलाधर पाल ने एमआइसी भवन के कक्ष में समिति के सदस्य और अधिकारी के साथ एमआईसी कक्ष में ली। शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे निम्न विषयो पर चर्चा हेतु समिति के सदस्यों के सामने प्रस्ताव रखा प्रभारी ने कहा समिति की बैठक कार्यो के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही।नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले समस्त खेल मैदान व निगम द्वारा बनाए गए खेल भवन व व्यायाम शाला भवन के संचालन व संरक्षण के लिए समिति बनाने का निर्णय लिया गया । निगम द्वारा संचालित जय हनुमान व्यायाम शाला में भवन संधारण व व्यायाम सामग्री व्यवस्था के अलावा शंकर नगर पानी टंकी मैदान में बास्केट बॉल और बैडमिंटन कोट बनाने के अलावा इंटरलॉक मेट कब्बडी और जुडो मेट की आवश्यकता बताया। प्रभारी श्री पाल ने कहा वार्ड 11 हमर क्लिनिक के ऊपर जिम एवं वार्ड 16 में ओपन गार्डन सहित शहर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों में ओपन जिम का निर्णय समितियों के सदस्यों ने लिया।साथ ही निगम रहवासियों के लिए बघेरा में क्रिकेट मैदान निर्माण,के अलावा शासकीय उ माध्यमिक विद्यालय तकिया पारा वार्ड 8 में शालेय भवन में इन्टरगेम सुविधा प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान आरएन वर्मा,अश्वनी निषाद,आशीष चन्द्राकर,मनीषा सोनी,सरिता चन्द्राकर, गुलशन साहू,खिलावन मटियारा के अलावा ललित ढीमर एवं अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

# हटाए गए सहायक शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी सहायक शिक्षक प्रयोगशाला के रूप में होगा समायोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 मई।** मंत्री परिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किए गए 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है।

और कहा सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सहायक शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई थी, लेकिन हमारी सुशासन की सरकार ने इन युवा साथियों की परेशानियों और संघर्ष को समझा एवं पूरी संवेदनशीलता के साथ सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने का निर्णय लेकर सभी 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों की मेहनत और लगन को सम्मान दिया है।विधायक ललित चंद्राकर ने हटाए गए इन 2621 सहायक शिक्षकों के लिए मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री से मिलकर बात कर इनके रोजगार के मद्देनजर शीघ्र फैसला लेने का निवेदन किया था। बीएड सहायक शिक्षक की भर्ती जो कि हो चुकी थी, उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश जिसमें सबको अपने रोजगार से वंचित होना पड़ा था।



इसके बाद वो सभी आंदोलनरत हो गए थे। और मेरे निवास स्थान पर आकर मुझे भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया था उनको लग रहा था कि अब हमारे सामने अंधकार है। इस विषय को लेकर लगातार मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जी को अवगत कराया था कैबिनेट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हमारे यहां लैब टेक्नीशियन के रूप में रखा जाएगा और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। आज उन सभी प्रभावितों के चेहरे पर खुशी का माहौल है। 2621 हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

### सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविरों का हो सफल आयोजन : संभागायुक्त

**दुर्ग, 3 मई ।** दुर्ग संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आज संभाग स्तरीय कलेक्टर्स कांफ्रेंस आयोजित की गई। संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कांफ्रेंस में राजनांदगांव के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, बेमेतरा के कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा, कबीरधाम के कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, बालोद की कलेक्टर श्रीमती सुश्री दिव्या मिश्रा एवं दुर्ग के सहायक कलेक्टर श्री बबन अभिजीत पठारे तथा जिला पंचातय सीईओ क्रमशः सुश्री सुरूचि सिंह, श्री टेकचंद अग्रवाल, श्री अजय त्रिपाठी, श्री प्रेम पटेल, सुश्री भारती चन्द्राकर, श्री चन्द्रकांत कौशिक एवं श्री बजरंग दुबे सम्मिलित हुए।बैठक में एजेंडावार समीक्षा करते हुए संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर ने कहा कि प्रदेश स्तरीय सुशासन तिहार के अंतर्गत दुर्ग संभाग में तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन बेहतर ढंग से सफलपूर्वक संपन्न हुआ।

# नगर के सेवानिवृत वीर सैनिक की घर वापसी पर नगरवासियों ने किया गर्मजोशी से स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 3 मई।** पौहा निवासी श्री डुकेश साहू पिता श्री संत राम साहू जो वर्तमान में शीतला नगर उतई में निवासरत हैं उन्होंने सैनिक धर्म निभाते हुए पूरी लगन एवं बहादुरी से देश की सुरक्षा का उत्तरदायित्व पूरा करते हुए अपना कार्यकाल पूरा कर घर वापसी किया। इस अवसर पर नगर के पूर्व पार्षद श्री नरेंद्र साहू पार्षद सुश्री संगीत रजक पार्षद श्री सोनू राजपूत श्री रुपेश पारख सतीश पारख के आर सिन्हा सुरेंद्र चंद्राकर विवेक अग्रवाल पुरेन्द्र चंद्राकर शेषनारायण वर्मा मुकेश वर्मा बिरेंद्र साहू ताम्रध्वज साहू हितेंद्र साहू श्री घनश्याम सिंह साहू सुश्री ममता चंद्राकर श्रीमती लता सिन्हा श्रीमती सोविता चंद्राकर श्रीमती हर्ष साहू श्रीमती चंद्रिका साहू श्रीमती वीणा वर्मा श्रीमती जूली अग्रवाल श्रीमती पिंकी साहू श्रीमती बीना वर्मा श्रीमती सुधा यादव श्री मनीष साहू श्री पोषराम साहू पूर्व सैनिक श्रीमती कुमारी साहू श्रीमती लक्ष्मी बाई साहू एवं बड़ी संख्या में शीतला नगर वासी एवं बच्चे शामिल हुए एवं फूलमाला, गुलदस्ता श्रीफल एवं अबीर लगाकर जोर-शोर के साथ स्वागत किये।

# ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट पर कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 मई।** कबीरधाम जिले में पहली बार सट्टा संचालन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के साथ साथ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 112 के अंतर्गत संगठित अपराध*का मामला भी दर्ज कर एक महत्वपूर्ण और संदेशात्मक कदम उठाया गया है। यह कार्रवाई न केवल सट्टा कारोबार में लिप्त आरोपियों के लिए चेतावनी है, बल्कि अन्य जिलों और राज्य भर के लिए एक कानूनी उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।थाना कोतवाली एवं चौकी बाजार चारभाठा की संयुक्त टीमों द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित हो रहे सट्टा गिरोह का पर्दाफाश किया गया। दबिश के दौरान मुख्य आरोपियों चन्द्रहास चंद्रवंशी, योगेश बरवे को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से एंड्रॉइड मोबाइल में जिसमें ऑनलाइन सट्टा की द्वस्त्र का संचालन किया जा रहा था, नगद रुपए तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए।पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने यह स्वीकार किया कि वे आईपीएल के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं, जिसमें विक्रम (सुपर मास्टर है), सहित कुल 17 से अधिक लोग शामिल हैं।* ये सभी आरोपी अपने-अपने मोबाइल, व्हाट्सएप, लिंक शेयरिंग, और डिजिटल पेमेंट माध्यमों के ज़रिए एक-दूसरे से जुड़े थे और सुनियोजित ढंग से सट्टा संचालन करते थे।इस नेटवर्क की गंभीरता और इसके फैलाव को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (IPS) के निर्देश पर, इस प्रकरण को केवल जुआ एक्ट की सामान्य धाराओं तक सीमित न रखकर, भारतीय न्याय संहिता की धारा 112 (संगठित अपराध) के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। यह धारा उन सभी आरोपियों पर लागू होती है जो किसी गिरोह या नेटवर्क का हिस्सा बनकर आर्थिक अपराध करते हैं - भले ही उनकी भूमिका प्रत्यक्ष हो या परोक्ष।कबीरधाम जिले में यह पहला मामला है जिसमें सट्टा संचालन में शामिल लोगों पर संगठित अपराध की गंभीर धाराएं लगाई गई हैं।* यह न केवल कड़ी कानूनी कार्रवाई है, बल्कि एक चेतावनी है उन सभी के लिए जो डिजिटल माध्यम से या संगठित रूप में जुए-सट्टे की ओर अग्रसर हैं। अब केवल गिरफ्तारी नहीं, बल्कि गिरोहबंदी, संपत्ति जब्ती, और लंबी अवधि की सजा जैसी कठोर प्रक्रियाएं भी लागू होंगी।इस कार्रवाई के तहत आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम, 1975 की धाराओं के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे स्पष्ट है कि पुलिस अब सट्टा संचालन को केवल एक सामान्य अपराध' के रूप में नहीं देख रही है, बल्कि इसे संगठित अपराध मानते हुए कठोरतम कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम चंद्रहास चंद्रवंशी, पता ग्राम कुसूमघटा, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम दर्ज अपराध क्रमांकः 185/2025, धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 1975, धारा 112 भारतीय न्याय संहिता (BNS) और.योगेश बर्वे, पताः ग्राम कुसूमघटा, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम दर्ज अपराध क्रमांक 186/2025, 7 छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 1975, धारा 112 भारतीय न्याय संहिता (BNS) जप्त माल नगद राशि 03 एंड्रॉइड मोबाइल डिजिटल माध्यम से लेन-देन के स्क्रीनशॉट ।पुलिस अधीक्षक श धर्मेंद्र सिंह (IPS)ने स्पष्ट रूप से कहा कि, ÷यह कार्रवाई अब जिले में एक नज़ीर बनेगी। पुलिस अब केवल पकड़ने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे नेटवर्क को संगठित अपराधी मानते हुए पूरी ताकत से नष्ट करेगी। जो कोई भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया जाएगा, उस पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्रवाई से यह संदेश स्पष्ट है कि अब सट्टा संचालन कोई 'सामान्य अपराध' नहीं, बल्कि 'संगठित अपराध' की श्रेणी में आ चुका है, और इसके विरुद्ध कबीरधाम पुलिस शून्य सहिष्णुता नीति के तहत कार्य कर रही है। संपूर्ण कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, उप निरीक्षक संतोष ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक कौशल साहू, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संजीव तिवारी, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, अभिनव तिवारी, आरक्षक संदीप शुक्ला के द्वारा संपन्न की गई।

### पिथौरा के पटवारी को निलंबित कर संरक्षण देने वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

महासमुंद, 3 मई। जिले में पिथौरा ब्लाक केहल्का नंबर 50, के पटवारी विजय प्रभाकर द्वारा किसान से ?500 का रुपए का घूस लेते वीडियो, फोटो सामने आया है, क्षेत्र विभिन्न गांवों से लगातार शिकायत मिल रहा था, ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, फौती काटने, नया पट्टा बनवाने आदि काम को लेकर राशि ली जाती है। ग्रामीण बोलेप्पटवारी बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करता,तय समय पर पटवारी नहीं पहुंच रहे ऑफिस, लोग हो रहे परेशान ञ चार दिन पहले भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के मांग किया था,तुषार साहू ने कहा यह एक हल्का नंबर 50, का ही मामला नहीं है, हर पटवारी बिना पैसे लिए काम नहीं करते लगातार शिकायत मिलता ही रहता है,

# आंधी-पानी से गिरे पेड़ एवं डालियों को नगर निगम की टीम ने हटाया



**भिलाईनगर,3 मई।** कल शाम को तेल गति से चले आंधी-पानी के कारण बहुत से क्षेत्रों में पेड़ एवं डांलिया टूटकर सड़को पर गिर गई थी। आंधी-पानी शांत होते ही लोगो के फोन आने लगे, नगर निगम की टीम मौके पर जाकर रास्तो को व्यवस्थित करवाए। महापौर नीरज पाल स्वयं जाकर एम जे कालेज के बगल में नाले के उपर लगे वर्टिकल गार्डन जो हवा से गिर गया था, उसे व्यवस्थित करवाए। निगम की टीम एवं यातायात विभाग द्वारा रास्ते को क्लीयर करवाया गया। आज सुबह आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सभी क्षेत्रों में दौरे पर निकले, तेज आंधी में वर्टिकल गार्डन के साथ-साथ एक तरफ का रेलिंग भी गिर गया था। जिससे दुर्धटना होने की संभावना बन रही थी, वहां पर तत्कालीक रूप से बैरिकेट लगाया गया। आने जाने वाले लोगो से भी अपील की जाती है कि ध्यान पूर्वक वहां से आवागमन करें। जल्द ही समुचित व्यवस्था की जावेगी।नगर निगम भिलाई के सभी पांचो जोन में जोन आयुक्त सुबह से ही भ्रमण कर रहे थे। जहां-जहां से पेड़ गिरने की शिकायते मिल रही थी, वहां जाकर ठीक करवाया गया। इसमें यातायात विभाग, स्थानीय लोगो द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया है। लगभग सभी जगहो पर आवागमन व्यवस्थित कर दिया गया है। अगर कहीं पर अभी भी समस्या है तो जोन कार्यालय में संपर्क कर सकते है। नगर निगम की टीम व्यवस्थित कर देगी। आज सुबह 7:30 बजे से जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, सुपरवाईजर, राजस्व विभाग, उद्यान विभाग के सभी लोगो ने तत्परता से कार्य करते हुए आवागमन को व्यवस्थित किया।

### भिलाई-चरौदा के दादर में चला निगम का बुलडोजर

**भिलाईनगर,3 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरौदा क्षेत्र के वार्ड क्र. 05 दादर-पर्थरा वार्ड में निगम प्रशासन की ओर से आज कार्यवाही की गई, जिसमें अवैध प्लाटिंग को निगम के जेसीबी वाहन की मदद से जमीदोज किया गया। यहां ज्ञात हो कि निगम प्रशासन को मिली सूचना के आधार पर वार्ड क्र. 05 दादर में धरसा रोड के किनारे नवा तालाब के पीछे अवैध प्लाटिंग किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी।इस पर निगम कमिश्नर श्री डी.एस. राजपूत के द्वारा अपनी टीम को मामले में फौरन कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये, जिसके पश्चात् आज शुक्रवार दिनांक 02.05.2025 को उप अभियंता मुकेश रात्रे द्वारा अपने



अमले के साथ मौके पर पहुच कर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।इस दौरान श्री मुकेश रात्रे उप अभियंता के साथ टाईम कीपर श्री श्यामता साहू सहित जेसीबी चालक भी मौजूद रहे।

# सुशासन तिहार से प्रेमलाल के सपनों को मिली उड़ान

**कवर्धा,3 मई।** सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का सभी विभागों द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग ने अपनी तत्परता दिखाते हुए श्री प्रेमलाल निषाद का आवेदन स्वीकार किया और उन्हें श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। इसके परिणामस्वरूप, अब श्री प्रेमलाल अपनी सामान्य जीवन की गतिविधियों में और भी बेहतर तरीके से भाग ले सकेंगे और उनकी सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही निःशुल्क सामग्री वितरण से दिव्यांगज प्रेमलाल के जीवन में न केवल बदलाव लाया बल्कि उसे अपनी क्षमता का एहसास भी कराया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। हितग्राहियों के अनेक समस्या और



मांगों के अनुरूप उन्हें लाभन्वित किए जा रहे है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत श्री प्रेमलाल निषाद ने श्रवण यंत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप समाज कल्याण विभाग ने श्री प्रेमलाल को श्रवण यंत्र प्रदान कर उन्हें सहायता प्रदान की है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। दिव्यांग श्री प्रेमलाल निषाद का कहना है कि कि मुझे पहले कई बार यह एहसास होता था कि मुझे सुनने में समस्या है,

# घर के बाहर आग लगाकर हथियार लहराने वाले बंदी





भिलाई, 3 मई । भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र में 30 अप्रैल की रात एक परिवार को जलाकर मारने की नीयत से कुछ युवकों ने 30 घर के बाहर डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की साथ ही चाकू, गुप्ती व चापड़ लहराकर पूरे मोहल्ले में दहशत फैला दी घटना की शिकायत मिलते ही सुपेला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपितों समेत आठ अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर लिया है सुपेला पुलिस ने बताया कि पीड़िता संजू तिवारी ने एक मई को थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके भाई रोहित तिवारी और उसके दोस्त राजा बिल्ली ने 30 अप्रैल को राहुल सिंह नामक युवक को चाकू मारा था जिसका इलाज बीएम शाह अस्पताल में चल रहा है उसी रात करीब 11.45 बजे वह घर में सो रही थी, तभी डीजल की गंध और शोर-शराबा सुनकर बाहर निकली बाहर आते ही उसने देखा कि लगभग 10-12 लोग डीजल कंटेनर, चाकू, गुप्ती और चापड़ लेकर आक्रामक रूप से घर के बाहर खड़े थे। आरोपितों ने राहुल पर हुए हमले का बदला लेने की बात करते हुए पूरे परिवार को जलाकर मारने की धमकी दी और घर में डीजल डालकर आग लगाने की कोशिश की शोर सुनकर पड़ोसी बाहर निकले तो आरोपी वहां से फरार हो गए पुलिस की टीम ने महज दो घंटे के भीतर घेराबंदी कर मुख्य आरोपित 25 वर्षीय अनीष यादव निवासी शंकर चौक सुपेला, सोनू यादव निवासी शंकरपारा सुपेला व आठ अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त चाकू व डीजल से भरे जर्किन भी जब्त किए गए हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

### नाली व सड़क पर अतिक्रमण, बिल्डिंग मटेरियल फैलाने वालों को फटकार

**दुर्ग,3 मई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत 1 से लेकर 8 जून तक 60 वार्डो में महापौर महा-सफाई अभियान का आगाज का आज दूसरे दिन आज महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल और प्रभारी नीलेश अग्रवाल सहित अधिकारियों के संग शुक्रवार को शहर के वार्ड क्र. 25 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और विभिन्न नाला-नालियों पर से अतिक्रमणों को हटाकर बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने व नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।इस दौरान महापौर ने साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य अमला को जोरदार फटकार लगाई।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों की तैयारियों की ली जानकारी

**धमतरी, 3 मई ।** शासन की महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार का तीसरा चरण आगामी 5 मई से शुरू हो रहा है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी समाधान शिविर स्थलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की रिपोर्ट दें। साथ ही प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होगा, जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों पर समाधान शिविर लगेंगे। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण के संबंध में आवेदकों को बताया जाएगा। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिविरों में उपस्थित लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी दी जाये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इन शिविरों के आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर आयोजन की तिथि से कम से कम तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को शिविर आयोजन स्थल का पहले ही मौका मुआयना कर जरूरी तैयारियां



समय पर सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही नोडल अधिकारियों को इन शिविरों के आयोजन के लिए संबंधित सरपंचों और पंचायत सचिवों से पूर्व में चर्चा कर योजना बनाने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करने कहा। कलेक्टर ने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर स्थलों पर छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करें। साथ ही इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण एवं जानकारी भी देने कहा। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन आदि लेने का काम भी किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर, पोषण शिविर, कृषि यंत्र-सामग्री वितरण, सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न उपकरण, सामग्रियों का वितरण आदि कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि तीसरे चरण में जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कुल 39 समाधान शिविर लगेंगे। अभियान के पहले चरण में जिलेवासियों से मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी इन शिविरां में दी जाएगी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कुरूद विकासखण्ड में 10, धमतरी विकासखण्ड में 8 तथा नगरी और मगरलोड विकासखण्ड में 7-7 समाधान शिविरों का आयोजन होगा। इसके साथ ही धमतरी नगर निगम-02, नगर पंचायत भखारा-01 नगर पंचायत आमदी-01, नगर पंचायत मगरलोड-01, नगर पंचायत कुरूद-01, नगर पंचायत नगरी-01 में समाधान शिविर आयोजित किये जायेंगे। यह समाधान शिविर आयोजन स्थल के आसपास की 10-12 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आयोजित होंगे।

## एक नजर

### सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ईश्वर साहू की शिकायत का निराकरण



**राजनांदगांव 03 मई।** शासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत श्रम विभाग को छुरिया विकासखंड के ग्राम गहिराभेड़ी निवासी ईश्वर लाल साहू ने श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सुरक्षा योजना अंतर्गत लंबित राशि प्राप्त नहीं होने पर शिकायत की गई थी। श्रम विभाग द्वारा ईश्वर साहू से प्राप्त शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 20 हजार रूपए की राशि आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान करते हुए लाभान्वित किया गया। ईश्वर साहू ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत लाभान्वित होने पर शासन-प्रशासन और श्रम विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह सुशासन तिहार 2025 में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला निवासी चंद्रशेखर और ग्राम जोरातराई निवासी श्रीमती जानकी निषाद ने श्रम विभाग को श्रम कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया। प्राप्त आवेदन पर श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में नवीन पंजीयन निर्माणी श्रमिक के रूप पंजीकृत कर कार्ड प्रदाय किया गया।

### पुलिस की एडवायजरी-फर्जी कॉल से रहें सावधान

**राजनांदगांव, 3 मई।** बेहतर परीक्षा परिणाम का झांसा देकर बच्चों व पालकों को ठगने के फिराक में साइबर ठगी करने वाला गिरोह द्वारा फर्जी कॉल से परीक्षा में अच्छे नंबर व पास कराने का प्रलोभन देकर ठगों द्वारा ऑनलाइन रूपयों की मांग की जा रही है, साथ ही संपर्क करने में जुटा हुआ है। फर्जी कॉल्स की सूचना पुलिस को दें, किसी भी तरह का लिंक और फोन आने पर उसे जानकारी शेयर न करें। किसी भी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण कराने एवं नंबर बढ़ाने के संबंध में कोई भी कॉल या लिंक मिलने पर जबाव न दे। बैंकिंग जानकारी ओटीपी, यूपीआई डिटेल्स साझा न करें।

### नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में बनाए गए 5 परीक्षा केन्द्र

**राजनांदगांव 03 मई।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा रविवार 4 मई 2025 को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट (नीट-यूजी) परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय राजनांदगांव में 5 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जिसमें केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में नीट (यूजी) परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के संबंध में किसी भी परीक्षार्थी व अभिभावक को किसी भी माध्यम से किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने के संबंध में सूचना या शिकायत देने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मोबाईल नंबर 9827903956 एवं डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी के मोबाईल नंबर 8451887770 पर तत्काल संपर्क कर शिकायत व सूचना दी जा सकती है।

### उत्कृष्ट विद्यालयों के चयन के लिए 6 मई तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव, 03 मई।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट विद्यालयों के चयन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रस्ताव 6 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। संस्थाओं के चयन के लिए सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त व संबत्र संस्थाएं ही पात्र होंगे। चयन हेतु इच्छुक एवं पात्र संस्थाएं निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कक्ष क्रमांक 65 प्रथम तल जिला कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# युवा शक्ति से होगा 'विकसित भारत' का निर्माण: सीएम साय

■ छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के कौशल विकास को लेकर किए 4 महत्वपूर्ण एमओयू, खुलेंगे रोज़गार के नए द्वार



**रायपुर, 02 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में नीति-राज्य कार्यशाला श्रृंखला के राज्य समर्थन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों के लिए कौशल विकास, रोजगार और आजीविका के अवसरों को विस्तार देने विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कार्यशाला बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप बेहद प्रासंगिक है। भारत एक युवा देश है और यदि युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण मिले, तो हम 'विकसित भारत' के लक्ष्य को तेजी से हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आज चार महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं, महिलाओं और जनजातीय वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने नीति आयोग की आकांजिलों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनजातीय क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य समर्थन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं और जनजातिय समुदाय के आजीविका के लिए प्रशिक्षण से रोजगार के नये अवसर शुलभ होंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वर्ष 2013 से कौशल विकास को तीव्रता से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के साथ समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत राज्य के युवाओं को ट्रैक्टर निर्माण की आधुनिक तकनीक सिखाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से बस्तर और सरगुजा अंचल के ग्रामीण युवाओं तथा उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, मैकेनिक जैसे कौशलों की भारी मांग है, लेकिन कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता कम है। सरकार इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए व्यापक योजना तैयार कर रही है। साथ ही उन्होंने महुआ, इमली, साल जैसे वन उत्पादों से मूल्यवर्धन कर स्थानीय लोगों की आजीविका को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आगामी योजनाओं में बस्तर और सरगुजा अंचल के आदिवासी युवाओं को विशेष कोर्स और प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे।

साथ ही महिलाओं के लिए स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रशिक्षण केंद्र खोलने की भी तैयारी है।

## आगामी शैक्षणिक सत्र से होंगे मंथली टेस्ट: कलेक्टर

■ कलेक्टर ने आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुधार हेतु विशेष प्रयास करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 03 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए कार्ययोजना, बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए मंथली टेस्ट, स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण एवं विभिन्न योजनाओं के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि बच्चों के पढ़ाई की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे बच्चे जो पढ़ाई में कमजोर है, उन पर ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। बच्चों की पढ़ाई की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र में बच्चों की गुणवत्तायुक्त पढ़ाई के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में पिछड़ रहे क्षेत्रों में विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधार हेतु प्रतिमाह यूनिट टेस्ट करवाने, कमजोर विद्यार्थियों का चिन्हांकन, स्टडी मटेरियरल उपलब्ध कराने तथा इस संबंध में व्यापक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सभी आवश्यक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा।

## चिकित्सकों ने भर्ती होकर जांच उपरांत डिलिवरी कराने की दी सलाह

■ मरीज लिकेश्वरी गर्भावस्था के दौरान पहले कभी भी उपचार के लिए चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में नहीं आयी थी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 03 मई।** समाचार पत्र में प्रकाशित खबर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में 30 अप्रैल 2025 को सुबह 0.31 बजे ग्राम पनारकसा जिला बालोद निवासी 22 वर्षीय गर्भवती महिला श्रीमती लिकेश्वरी को उपचार के लिए लाया गया था तथा मरीज को किसी भी चिकित्सक ने नहीं देखा और मरीज का इलाज करने से मना कर दिया गया। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव ने बताया कि इस दौरान ड्यूटी पर उपलब्ध चिकित्सकों द्वारा महाविद्यालय के लेबर रूम में श्रीमती लिकेश्वरी की जांच की गई। मरीज श्रीमती लिकेश्वरी गर्भावस्था के दौरान पूर्व में कभी भी उपचार के लिए चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में नहीं आयी थी। चिकित्सक द्वारा जांच में मरीज को खून की कमी एवं पीलिया की आशंका व्यक्त की गई। साथ ही बच्चे की धड़कन भी कम लग रही थी। मरीज को रक्त जांच कराने तथा भर्ती होकर जांच उपरांत डिलिवरी कराने की सलाह दी गई थी। मरीज के परिजन को सलाह देने के बाद उनके पति कुछ जवाब नहीं दे रहे थे। बाद में परिजनों ने मरीज को भर्ती कराने से मना कर दिया।

## मोर गांव मोर पानी की संकल्पना पर काम करने पर जोर

■ संवरेगा महानदी का उद्गम स्थल और उसके आसपास का क्षेत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी, 3 मई।** नगरी विकासखण्ड के सिहावा में महानदी उद्गम स्थल और उसके आसपास के क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा महानदी के संरक्षण-संवर्द्धन की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच को मूर्तरूप देने का काम आज शुरू हो गया। आज सुबह महानदी उद्गम स्थल के आसपास की लगभग 10 ग्राम पंचायतों के दो हजार से अधिक लोगों ने सामुहिक श्रमदान से नदी स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। फरसियां से लेकर सामतरा-अमाली-संबलपुर-छिपली-नगरी-देवपुर-कर्णेश्वर धाम और गणेश घाट तक जल सफाई अभियान जनभागीदारी और सामुहिक श्रमदान का अनूठा उदाहरण बना। इस अभियान में जिला पंचायत के अध्यक्ष अरूण सार्वा, स्थानीय विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मेगा फाउंडेशन के संचालक निर्मल राघवन और श्रीमती सुचिता राघवन सहित कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित अधिकारी, कर्मचारी भी शामिल हुए। फरसियां गांव के माँ महामाई मंदिर से शुरू हुआ अभियान का पहला चरण आज के दिन गणेश घाट होते हुए कर्णेश्वर महादेव के जलाभिषेक पर खत्म हुआ। बदलती जलवायु और बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से भू-जल स्तर का तेजी से नीचे जाना और भविष्य में आने वाले बड़े जल संकट को अभी से रोकने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ''मोर गांव मोर पानी'' की संकल्पना पर काम करने पर जोर दिया है। गांव के नदी-नालों, पोखर-तालाबों का संरक्षण-संवर्द्धन कर जल संकट से निपटना इसका मुख्य उद्देश्य है। धमतरी जिले के नगरी-सिहावा में महानदी उद्गम स्थल के संरक्षण-संवर्द्धन से मुख्यमंत्री की इस सोच को मूर्तरूप देने में भी आसानी होगी। महानदी का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे आसपास की भूमि में पानी का लेबल बढ़ेगा। लोगां को पीने के साथ-साथ निस्तारी के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ-साथ इस क्षेत्र के विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर शुरू होंगे। महानदी के ऐतिहासिक, धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए यहां आध्यात्म और धार्मिक संस्कारों के संवर्द्धन-संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## सुशासन तिहार: पांच मई से शुरू होंगे समाधान शिविर

■ जिले में 32 शिविरों का किया जाएगा आयोजन, आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 03 मई।** राज्य शासन की महत्वाकांकार्यक्रम सुशासन तिहार का तीसरा चरण सोमवार पांच मई से शुरू होगा। तीसरे चरण में जिले में 32 समाधान शिविर लगाए जाएंगे। अभियान के पहले चरण में जिलेवासियों से मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी इन शिविरां में दी जाएगी। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में कुरूद विकासखण्ड में 10, धमतरी विकासखण्ड में 8 तथा नगरी और मगरलोड विकासखण्ड में 7-7 समाधान शिविरों का आयोजन होगा। यह समाधान शिविर आयोजन स्थल के आसपास की 10-12 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आयोजित होंगे। इन शिविरों में उपस्थित लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायतवार दी जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इन शिविरों के आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर आयोजन की तिथि से कम से कम तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने नोडल अधिकारियों को इन शिविरों के आयोजन के लिए संबंधित सरपंचों और पंचायत सचिवों को पत्र लिखकर सूचित भी करने को कहा। कलेक्टर ने इन शिविरों में संबंधित क्लस्टर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को शिविर आयोजन स्थल का पहले ही मौका मुआयना कर जरूरी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने को कहा। शिविर स्थलों पर छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में मनाया गया अक्ति तिहार

**राजनांदगांव 03 मई।** कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में अक्ति तिहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र में ठाकुर देव, छत्तीसगढ़ महतारी, भूमि एवं कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना कर खेत में बीजों की बुआई की एवं अच्छी उपज की कामना की।

## मिशन जलरक्षा: जल संरक्षण के प्रयासों का दिख रहा कारगर असर

■ अमूल्य संपदा को संरक्षित करने किए जा रहे बहुआयामी प्रयास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 03 मई।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में लगातार घटते भू-जल स्तर को बढ़ाने तथा जनभागीदारी के माध्यम से धरती के इस अमूल्य संपदा को संरक्षित करने बहुआयामी प्रयास किये जा रहे है। जिसमें सभी शासकीय विभागों के अलावा गैर शासकीय संगठन एवं जनप्रतिनिधि तथा कृषि एवं पंचायत विभाग के मैदानी अमलों द्वारा प्रभावी भूमिका निभाई जा रही है। जिले में कृषकों द्वारा जल का बहुतायत उपयोग फसलों की सिंचाई के रूप में किया जाता है। जिसके लिए कृषकों द्वारा नलकूपों से सिंचाई का रास्ता अपनाया जा रहा है। जिससे भू-जल में लगातार गिरावट आ रही है। साथ ही कृषकों का एक बड़ा वर्ग वर्षा पर आधारित खेती कर रहा है, जिले में लगातार बढ़ते जल संकट को दूर करने तथा फसलों में सिंचाई के साथ भूमिगत जल के स्तर को बढ़ाने जिला पंचायत द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से जल स्त्रोतों विहीन ग्रामों में नालों का चयन कर वर्षा के बहते जल को रोक कर सतही सिंचाई को प्रोत्साहित करने जल संरक्षण संरचनाओं जैसे चेकडेम एवं स्टॉप डेम का निर्माण कराया जा रहा है।

जल सरंक्षण के इन्ही उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में मनरेगा अभिसरण अंतर्गत राशि 327 लाख की लागत के माध्यम से 15 ग्रामों में चेकडेम का निर्माण कराया गया। जिससे 710 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई रकबें में वृद्धि के साथ 562 कृषकों द्वारा न केवल खरीफ में धान बल्कि रबी फसलों के रूप में चना, गेंहू एवं मक्का की खेती किया जा रहा है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में मनरेगा अभिसरण अंतर्गत राशि 255 लाख रूपए लागत से 12 जल स्त्रोत विहिन ग्रामों का चिन्हाकन कर ग्रामीणों व कृषकों की मदद से ज्यादा जल भराव वाले क्षेत्रों में पक्का चेकडेम का निर्माण कराया गया है। जिससे 362 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई क्षमता में वृद्धि के साथ 314 कृषकों द्वारा चना, गेहूं व सब्जी फसलों की खेती कर नालों में संरक्षित जल का उपयोग किया जा रहा है। जल संकटग्रस्त ग्रामों में चेकडेम, स्टॉपडेम निर्माण होने से इस वर्ष 14580 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, 3362 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का व 36678 हेक्टेयर क्षेत्र में चना फसल की खेती के साथ अन्य दलहन, तिलहन फसलों का रकबा भी बढ़ा है। ग्रामों में जल संरक्षण की कार्य योजना तैयार करने के लिए 3 चरण अपनाये गये, जिसमें पहला चरण बहते हुए जल की गति को धीमा करना, दूसरा चरण बहते पानी को रोकना तथा तीसरे चरण में रूके हुए पानी का भूमि के भीतर स्त्रावक के माध्यम से ग्राऊंड वाटर रिचार्ज करना जैसे प्रयासों को शामिल किया गया है। जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण से वर्षा जल के बहाव की गति धीमी होकर संरचनाओं के कैचमेन क्षेत्र में पानी 2-3 माह तक रूके रहता है, जो सिंचाई के काम आता है। गांव के कृषकों द्वारा बताया गये है कि गांव में सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध होने से इस वर्ष भी खेती रकबा बढने के साथ-साथ सब्जी की खेती व रबी फसलों के क्षेत्र में वृद्धि होगी।

## समाचार संक्षेप

### शिक्षक हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं: किरण रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया, 3 मई।** संकुल स्तरीय शिक्षक बिदाई समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्री गोपाल भुआर्य ने की। इस अवसर पर सभी अतिथियों का फूल माला गुलाल से जोरदार स्वागत किया गया। साथ ही इस अवसर पर तीन शिक्षको श्री लेमन सिंह नेताम,मुकूंद राम नेताम, श्रीमती इंन्दुलक्ष्मी रंजारे जी का बिदाई समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक एक समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे युवाओं बेटियों को शिक्षा और ज्ञान प्रदान करके उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। वे हमें सही और गलत के बीच का अंतर सिखाते हैं, और हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करते हैं। इसलिए, शिक्षकों को सम्मान देना और उनकी भूमिका को समझना बहुत महत्वपूर्ण है। वे हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वे हमें एक बेहतर इंसान बनने में मदद करते हैं। आज जीवन के सफर में कई ऐसे मोड़ आते हैं, जो हमें भावनाओं के गहरे समंदर में डुबो देते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण और भावुक अवसर होता है जब हम किसी सीनियर शिक्षक या सहकर्मी को सेवानिवृत्ति पर विदाई देते हैं। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद सदस्य एंकात चन्द्राकार, भीषम उर्वसा, हद्दूयराम देवांगन मंडल अध्यक्ष,कपिल बघेल, भुपेंद्र नायक, लालसिंह केसरवानी, श्रीमती श्यामा बाई यादव संरपच, शेषनारायण वैष्णव, कपिल नारायण पांडेय, कोमल देवांगन, पुखराज देवांगन, डालचंद साहु, समेत शिक्षकगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के 5 परिवारों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी

**छूरिया, 3 मई।** छूरिया आज मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर से माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने आत्मसमर्पित नक्सलियों व नक्सल प्रभावित 2500 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त 10 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खाते में जारी कर 17 जिलों के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला राजनांदगांव से भी वर्चुअल के माध्यम कार्यक्रम संपन्न हुआ.मोदी जी की सरकार हर गरीब के पक्के मकान का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चला रही है और इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री विष्णु देव साय जी व पंचायत मंत्री विजय शर्मा जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए दृढ़ संकल्पित है। राजनांदगांव जिले से आत्मसमर्पित नक्सलियों व नक्सल प्रभावित 05 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी की गई। जिस पर उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी व छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री आदरणीय श्री विष्णु देव साय जी व उप मुख्यमंत्री आदरणीय श्री विजय शर्मा जी के प्रति आभार व्यक्त किया ?इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहु, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सुरूची सिंह, प्रशांत साहु जिला प्रमुख आवास, राकेश साहु आवास समन्वय व हितग्राही मानोबाई, रामदेव निषाद, पुनिया बाई,बिरजाबाई, भीष्म सिंह राजपूत उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर, खुज्जी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**डोंगरगांव, 3 मई।** सरस्वती शिशु मंदिर, खुज्जी में गत दिनांक 29 अप्रैल को सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष धनंजय गोस्वामी, साथ ही रामकुमार, वेद कुमार साहू, सुंदरलाल देवांगन , धन्नु वर्मा, टूमन टोडर ,पालक समिति के सदस्य दीपक यादव ,वेद कुमार सिन्हा, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार पंसारी एवं समस्त आचार्य,दीदी उपस्थित हुए।



सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्यालय के अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य के शुभ वचन के बाद परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया। परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम इस प्रकार है। कक्षा अरुण से देवांश देवांगन 98 प्रतिशत, ईश्वर देवांगन 97 प्रतिशत, उदय से टुविशा साहू 99 प्रतिशत,लिशा देवांगन 98 प्रतिशत ,प्रथम से लिवन साहू 99 प्रतिशत ,हिमांशु देवांगन 98 प्रतिशत,द्वितीय से माहिर यादव 98 प्रतिशत,डियांश देवांगन 98 प्रतिशत,तीसरी से दुष्यंत 97 प्रतिशत ,हेमराज सोनकर 93.5 प्रतिशत ,चौथी से जास्मीन निषाद 96.5 प्रतिशत, लव कुमार 94.5 प्रतिशत ,पांचवी से कुमारी लीना पनिका 88. 50 प्रतिशत ,कुमारी कुमुद वर्मा 88 प्रतिशत, छठवीं से कुमारी पायल सिन्हा 94 प्रतिशत, कुमारी मोनिका साहू 93 प्रतिशत, सातवीं से कुमारी डिंपल सोनपिपरे 98 प्रतिशत, कुमारी प्रिया यादव 97 प्रतिशत, आठवीं से कुमारी यामिनी सोनपिपरे 90.50 प्रतिशत, पुष्पेंद्र निषाद 88 प्रतिशत आया है। इन विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हर घर गीता, हर मन में राम-रामराज फाउंडेशन का सेवायात्रा संकल्प निरंतर जारी



**रायपुर, 3 मई।** स्थानीय रामराज फाउंडेशन की स्थापना सितंबर 2023 में की गई थी, और 15 दिसंबर 2024 से यह सेवा कार्य रायपुर के सुन्दर नगर जगन्नाथ मंदिर के सामने एक किराए की जगह से नियमित रूप से संचालित हो रहा है। यहाँ प्रतिदिन प्रसादम सेवा के साथ-साथ, ÷हर घर गीता÷, गौ सेवा, बच्चों को निशुल्क कॉपी-पुस्तक तथा त्योहारों में राशन, वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री वितरण जैसे विविध सेवा कार्य किए जा रहे हैं। छोटे व्यापारियों को सहायता पहुंचाने के प्रयास भी इस मिशन का महत्वपूर्ण भाग हैं।जल्द ही रायपुर में ÷गीता महादान÷ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्पिरिचुअल स्पीकर्स के साथ रॉक बैंड को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर गीता पुस्तक के साथ ऑडियो टेप का भी वितरण किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति गीता ज्ञान को जीवन में उतार सके। यदि किसी आम नागरिक को रस्ते में कोई जरूरतमंद दिखाई देता है, तो वह हमसे संपर्क करता है इंस्टाग्राम या व्हाट्सएप के द्वारा हम 300 से 500 लोगों के लिए तुरंत प्रशादम तैयार करवाकर, अपनी टीम के माध्यम से निशुल्क वितरण कराते हैं। इसके लिए किसी से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। संस्था में सेवाभावी एवं समाज के प्रतिष्ठित लोग बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं।

## संपादकीय

# एक परेशानी का समाधान दूसरी परेशानी नहीं है

जिला प्रशासन हो,पुलिस प्रशासन हो या निगम प्रशासन हो वह समस्या हल करने पर उतारू होते हैं तो वह वही करते हैं जो वह करते आए है, जो उनको करना अच्छा लगता है। शहर में पानी की समस्या है तो इसके लिए स्वाभाविक है कि जिम्मेदार निगम प्रशासन है ।चुनाव के घोषणापत्र में तो सभी राजनीतिक दल पानी की समस्या खत्म करने के लिए बड़ी बड़ी बातें करते हैं ।शहर में अपनी सरकार बन जाने के बाद गर्मी में हालात जैसे हर साल रहते हैं, वैसे ही बने रहते हैं ।पानी की समस्या जैसे पिछली शहर सरकार के समय थी आज भी पानी की समस्या वैसी ही है और पानी की समस्या हल करने के उपाय भी वही किए जा रहे हैं। कहीं से नहीं लगता है कि शहर में नई सरकार आ गई है, नई महापौर आ गई है ।पानी की समस्या हल करने के लिए कोई नया आइडिया किसी के पास नहीं है, कोई नया उपाय नहीं किया जा रहा है। मई का महीना मतलब होता है जल संकट का महीना। पानी की समस्या के लिए सब निगम के अधिकारियों को गरियाने लगते हैं तो पानी की समस्या तो हल वह भी नहीं कर सकते लेकिन हल करने के लिए कुछ करते हुए तो दिख ही सकते हैं ।जल संकट को दूर करने के लिए निगम प्रशासन हर साल जो करता है, वही इस साल भी कर रहा है। पानी के लिए नल खुलते समय बिजली बंद कर दो ताकि टुल्लू पंप से पानी भ ?ने वाले पानी न भर सकें और सभी लोगों को बराबर पानी मिले। जब भी जल संकट होता है तो निगम प्रशासन मान कर चलता है कि इसके लिए वह लोग दोषी है, जो टुल्लू पंप से पानी खींच लेते हैं ।इसमें दो मत नहीं है कि कुछ लोग टूल्लू पंप से पानी खींचते होंगे। ऐसे लोगों को पता लगाकर निगम को कार्रवाई करनी चाहिए। यह मुश्किल काम है, इसके लिए आदमी की जरूरत होगी, टीम की जरूरत होगी, निगम के पास वैसे ही स्टाफ की कमी रहती है सो वह जल संकट का समाधान वही करता है जो वह हर साल करता है, यानी बिजली विभाग से कहकर नल खुलते समय सुबह शाम आधा एक घंटे के लिए बिजली बंद करा देना। यह ऐसा उपाय है कि हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा। यानी बिजली बंद तो निगम मान लेता है कि निगम क्षेत्र के सभी लोगों को पानी मिल रहा है, निगम क्षेत्र में अब पानी की कोई समस्या नहीं है ।इसमें कोई शक नहीं है कि इससे निगम की परेशानी तो खत्म हो जाती है क्योंकि वह अब कह सकता है कि जल संकट के लिए हम सुबह शाम बिजली बंद करा रहे हैं अब पानी की समस्या तो नहीं होनी चाहिए। बिजली सुबह शाम बंद करने से पानी की परेशानी खत्म हो न हो बहुत से लोगों की दूसरी परेशानी शुरू हो जाती है ।ये बहुत से लोग ऐसे हैं जो देर तक सोते हैं यानी आठ नौ या दस बजे तक सोते हैं क्योंकि यह रात को काम कर देर से घर लौटते हैं, देर से सोते हैं। इसलिए जल्दी नहीं उठते हैं ।एक दो बजे रात को सोते हैं तो उनके लिए सात घंटे सोना जरूरी होता यानी कम से कम वह आठ व नौ बजे तक सोते हैं। पानी के लिए बिजली एक घंटे या आधा घंटे भी बंद कर दी जाए तो उनकी नींद को पंखा,कूलर बंद होने से टूटनी है और बिना पंखे व कूलर के नींद आती भी नहीं है। यानी दो से तीन घंटे की नींद खराब होती है तो इसका असर घर की शांति से लेकर आफिस के काम पर पड़ता है ।इससे कई तरह की परेशानी होती है ।अब आदमी अपनी परेशानी की शिकायत किससे करे। निगम को यह सलाह कोई नहीं देता है और निगम खुद भी ऐसा क्यों सोच नहीं पाता है कि पानी की दिक्कत कुछ वार्डों में है तो बिजली बंद कर पूरे शहर के लोगों को क्यों परेशान किया जाए ।जिन वार्डों में पानी की दिक्कत है सिर्फ वहीं की बिजली बंद कर भी तो उनकी पानी की समस्या को हल किया जा सकता है। पता नहीं बिजली विभाग के पास ऐसा कोई सिस्टम है या नहीं कि कुछ वार्डों की बिजली बंद करनी हो तो क्या बंद की जा सकती है ।नहीं की जा सकती है तो बिजली विभाग को ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए ।पूरे शहर की बिजली बंद करने से तो पूरे शहर के लोगों को परेशानी होती है। गर्मी में वैसे ही लोड़ ज्यादा होने के कारण बिजली के खंभे में आग लग जाती तो बिजली बंद करदी जाती है, पानी गिरने पर बिजली बंद हो जाती है, हवा चलने पर बिजली बंद कर दी जाती है ।मेंटेनेंस के कारण अलग बिजली बंद कर दी जाती है ।गर्मी में बिजली बंद नहीं होनी चाहिए तो गर्मी में बिजली ज्यादा बंद होती है ।चाहे निगम हो या बिजली विभाग उनके लिए बिजली बंद कर देना ही हर समस्या का समाधान है ।वह बिजली बंद कर राजधानी को गांव बनाते हुए यह सोचते ही नहीं है कि यह समस्या का समाधान नहीं है,यह एक परेशानी को खत्म करने के लिए दूसरी परेशानी पैदा करना है। पुलिस प्रशासन भी निगम व बिजली प्रशासन से कम नहीं है ।शहर में अपराध बढ़ जाए,थाना क्षेत्र में अपराध हो जाए और बड़े अफसर ने डांट लगाई कि अपने इलाके में गश्त क्यों नहीं करते हो ।पुलिस का गश्त लगाना लोगों के लिए समस्या बन जाती है ।पुलिस गश्त के समय यदि घर व मोहल्ले के लोग कहीं बैठे हुए दिख गए तो पुलिस वाले उनकी पिटाई कर देते हैं, पिटाई भी ऐसी कि सभी का हाथ फ्रेक्चर हो गया। शिकायत पर थाने में शिकायत भी दर्ज नहीं होती।



किसी इलाके में गश्त न होना समस्या है तो पुलिस वालों का नशे में गश्त करना उससे भी बड़ी समस्या है ।ऐसे मामले में तो कवर्धा में जैसी कार्रवाई हुई वैसी कार्रवाई होनी चाहिए ।किसी ने एसपी से शिकायत की एक आरक्षक नशे में ड्यूटी कर रहा है तो एसपी ने जांच कराई और शिकायत सही पाए जाने पर आरक्षक को निलंबित किया गया और विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं ।ऐसे अधिकारी संख्या में कम होते हैं जो अपने विभाग के कर्मी की गलती को गलती मानते हैं ।ऐसे अधिकारी ज्यादा होने चाहिए । ऐसे अधिकारी ज्यादा होंगे तो लोगों की परेशानी कम होगी।

विचार

# नफरत की ये आग कब बुझेगी ?

**निर्मल रानी**

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छः सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गयी जिसमें 27 लोगों की जानें चली गयीं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गये हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीँ इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम,जम्मू,वाराणसी,अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख़्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिये। निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मकसद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गयी उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्खियों में रहा वह था पहलगाम के नजाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नजाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नजाकत अली उर्फ नजाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यतः छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नजाकत अली के साथ अपनी फोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ करते हुये लिखा कि -'आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नजाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि 'जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था'। इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसायी नजाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नजाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नजाकत अली ने जो मानवता




और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। गौरतलब है कि कश्मीर के नजाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नजाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की जिम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नजाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई। बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाये गये पर्यटकों की जान बचाने के मकसद से एक हमलावर की बंदूक के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गये। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौके पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाकों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी जरूरी चीजें मुफ़्त मुहैय्या कराईं। और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफी हद तक पुनः पटरी पर आ सका।

आतंकवादियों ने अपनी तरफ से भारतीय समाज में नफरत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर घाटी में जगह जगह आतंकवाद विरोधी प्रदर्शन हुये। पूरे देश की मस्जिदों में पहलगाम हमले पर अफसोस जताया गया तथा इस अमानवीय कृत्य को शैतानी व राक्षसी कृत्य बताया गया। हर तरफ से एक स्वर में हमले में मारे गये लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर हजारों ऐसी पोस्ट डाली गयीं जिससे देश में भाईचारे कायम रह सके। विपक्ष ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के भी कई जिम्मेदार नेताओं ने इस संकटकालीन घड़ी में देश में एकजुटता बनाये रखने की अपील की। परन्तु इन सब के बावजूद देश में कई स्थानों पर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुईं जो निःसंदेह आतंकियों के घिनौने मकसद को पूरा करने वाली थीं। कई जगह उपद्रवियों द्वारा कहीं अल्पसंख्यक समाज के किसी व्यक्ति पर हमला किया गया तो कहीं उनके व्यवसायिक ठिकाने को आग लगा दी गयी। कहीं बाजारों में रेहड़ी पटरी दुकानदारों को उनका धर्म देखकर दुकान नहीं लगाने दी गयी तो कहीं ऐसी ठिकानों की पहचान कर वहां तोड़ फोड़ की गयी। हद तो यह है कई जगह छात्रावास में रह रहे कश्मीरी छात्रों को मारा पीटा गया व उन्हें अपमानित किया गया। ऐसी शर्मनाक घटनाओं की भी जितनी निंदा की जाये वह कम है। यह देश के अमन पसंद लोगों को सुनिश्चित करना होगा कि आखिर नफरत की ये आग कब बुझेगी ?

## राशिफल

**मेष** आज का दिन रोजगार की तलाश में लगे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है और सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात होगी। आपको यदि कोई शारीरिक समस्या थी, तो उससे भी आपको काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। लेकिन कोई पारिवारिक वाद विवाद आपके लिए सिर दर्द बन सकता है, जिसे आप बैठकर दूर करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके कामों को अटकाने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप उन्हें अपनी बुद्धि से आसानी से मात दे सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको सेहत के प्रति लापरवाही करने से बचना होगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अविवाहित जातकों के जीवन में उनके साथी की दस्तक हो सकती हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी और कार्यक्षेत्र में आपको प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। आप अपने किसी मित्र के कहने में आकर कोई इंवेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। लेकिन आपको किसी को धन उधार देने से बचना होगा। व्यापार में आपकी योजनाएं आपको बेहतर लाभ देगी, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल सकती है। आपको किसी संपत्ति के चल व अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे, जिसमें आपको कामयाबी हासिल होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों मे अच्छी सफलता मिलेगी। शीघ्रगामी में वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होगी। दोस्तों से आपको एक नई पहचान मिलेगी। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान हो सकता है, लेकिन आप अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिल सकते हैं, जिसमें पुराने गिले शिकवे न उखाड़े। आपको किसी पुराने लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा।

**सिंह** आज आप अपनी वाणी व व्यवहार से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। इनकम के सोर्स बढ़ने से आपको खुशी होगी। विद्यार्थी किसी नई प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। किसी नए वाहन की आप खरीदारी कर सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। परिवार के सदस्यों का आपको सहयोग मिलेगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती हैं। आप अपनी बुद्धि व विवेक से कोई अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। आप अपनी किसी भी समस्या को छोटा ना समझे। आपके आस पड़ोस में कोई वाद विवाद उत्पन्न हो, तो आपस उसमें चुप लगाएं। दोस्तों के साथ आप कहीं घूमने जाने का टूर बना सकते हैं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आपको अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से भविष्य को लेकर कुछ बातचीत कर सकते हैं। सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। अच्छे कामों से आपको एक नई पहचान मिलेगी। माताजी को यदि कोई सेहत संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में भी खुशियां भरपूर रहेंगी। आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपको नौकरी के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपका कोई मित्र आपसे कोई धन संबंधित मदद मांग सकता है, जिसे आप आसानी से कर सकेंगे। लेकिन आपके विरोधी आपके काम बिगड़ने की कोशिश करते रहेंगे, जिनसे आपको बचना होगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। यदि आप किसी घर, मकान आदि की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग एक रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको अपने प्रयासों में तेजी लाने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आत्मविश्वास मजबूत करने की आवश्यकता है। जीवन साथी को तरक्की करते देख आपका मन खुश रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों से सावधान रहना होगा। आपके किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। विद्यार्थियों की कुछ नया करने की कोशिश कामयाब रहेगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समस्या को लेकर टेंशन बनी रहेगी। आपको दोनों पक्षों की सुनकर ही कोई निर्णय लेना बेहतर रहेगा। आप किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ उठाएंगे। आपको किसी से किए हुए वादे को समय रहते पूरा करना होगा। घूमने फिरने के दौरान आपकी किसी में कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। बिजनेस में आप पार्टनरशिप कर सकते हैं।

**मीन** आज आपको अपनी जरूरत के हिसाब से ही खर्च करना बेहतर रहेगा। आप बहस बाजी बाजी के चक्कर में अत्यधिक धन व्यय ना करें। आपके घर किसी मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। यदि आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो उसमें आप अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आपको अपने कामों से एक नयी पहचान मिलेगी।

प्राकट्योत्सव

# श्री चित्रगुप्त पूजा और कलम-दावात की पूजा

**कृष्ण कुमार निगम**

भगवान श्री चित्रगुप्त पूजन कथाभीष्म पितामह ने पुलस्त्य मुनि से पूछा कि हे महामुनि संसार में कायस्थ नाम से विख्यात मनुष्य किस वंश में उत्पन्न हुए हैं तथा किस वर्ण में कहे जाते हैं, इसे मैं जानना चाहता हूँ। इस प्रकार के वचन कहकर भीष्म पितामह ने पुलस्त्य मुनि से इस पवित्र कथा को सुनने की इच्छा जाहिर की। पुलस्त्य मुनि ने प्रसन्न होकर गंगा पुत्र भीष्म पितामह से कहा झ हे गांगेय मैं कायस्थ उत्पत्ति की पवित्र कथा का वर्णन आपसे करता हूं। जो इस जगत का पालनकर्ता है वही फिर नाश करेगा उस अव्यक्त शांत पुरुष लोक-पितामह ब्रम्हा ने जिस तरह पूर्व में इस संसार की कल्पना की है वही वर्णन मैं कर रहा हूँ। मुख से ब्राम्हण, बाहु से क्षत्रिय, जंघा से वैश्य, पैर से शूद्र, दो पांव, चार पांव वाले पशुओं से लेकर समस्त सर्पादि जीवों का एक ही समय में चन्द्रमा, सूर्यादि ग्रहों को और बहुत से जीवों को उत्पन्न कर ब्रह्मा ने सूर्य के समान तेजस्वी ज्येष्ठ पुत्र को बुलाकर कहा– हे सुब्रत तुम यत्नपूर्वक इस जगत की रक्षा करो। सृष्टि का पालन करने के लिए ज्येष्ठ पुत्र को आज्ञा देकर ब्रह्मा ने एकाग्रचित होकर दस हजार वर्ष की समाधि लगाई। अंत में विश्रांत चित्त हुए। उसके उपरांत ब्रह्मा के शरीर से बड़ी-बड़ी भुजाओं वाले श्यामवर्ण, कमलवत गर्दन, चक्रवत तेजस्वी, अति बुद्धिमान, हाथ में कलम-दवात लिए तेजस्वी, अतिसुन्दर विचित्रांग, स्थिर नेत्र वाले, एक पुरुष अव्यक्त जन्मा, जो ब्रह्मा के शरीर से उत्पन्न हुआ। हे भीष्म! उस अव्यक्त पुरुष को नीचे से ऊपर तक देखने के बाद ब्रह्मा जी ने समाधि छोड़कर पूछा– हे पुरुषोत्तम हमारे सामने स्थित आप कौन हैं। ब्रह्मा का यह वचन सुनकर वह पुरुष बोला– हे विधे मैं आप ही के शरीर से उत्पन्न हुआ हूँ इसमें किंचित मात्र भी संदेह नहीं है। हे तात अब आप मेरा नामकरण करें और मेरे योग्य कार्य भी कहिये। यह वाक्य सुनकर ब्रम्हाजी निज शरीर रज पुरुष से प्रसन्न मुद्रा से बोले– मेरे शरीर से तुम उत्पन्न हुए हो इससे तुम्हारी कायस्थ संज्ञा है और पृथ्वी पर चित्रगुप्त तुम्हारा नाम विख्यात होगा। हे वत्स धर्मराज की यमपुरी में धर्म-अधर्म विचार के लिए तुम्हारा निश्चित निवास होगा। हे पुत्र! अपने वर्ण में जो उचित धर्म है उसका विधिपूर्वक पालन करो और संतान उत्पन्न करो। इस प्रकार ब्रह्माजी भारयुक्त वरदान देकर अंतर्ध्यान हो गए। श्री पुलस्त्य मुनि ने कहा– हे भीष्म चित्रगुप्त से जो प्रजा उत्पन्न हुई है, उसका भी वर्णन करता हूँ, सुनिये। भगवान चित्रगुप्त की दो शादियां हुई, पहली पत्नी सूर्यदक्षिणा/नंदनी जो ब्राह्मण कन्या थी, इनसे ४ पुत्र हुए जो भानू, विभानू, विश्वभानू और वीर्यभानू कहलाए ।दूसरी पत्नी एरावती/शोभावति ऋषि कन्या थी, इनसे ८ पुत्र हुए जो चारु, चितचारु, मतिभान, सुचारु, चारुण, हिमवान, चित्र और अतिन्द्रिय कहलाए। हे भीष्म चित्रगुप्त से उत्पन्न सभी पुत्र सभी शास्त्रों में निपुण थे और धर्म-अधर्म को जानने वाले थे। श्रीचित्रगुप्त ने सभी पुत्रों को पृथ्वी पर भेजा और धर्म साधना की शिक्षा दी और कहा की तुम्हें देवताओं का पूजन, पितरों का श्राद्ध-तर्पण, ब्राम्हणों का पालन-पोषण और अभ्यागतों की यत्नपूर्वक श्रद्धा करना। सभी पुत्रों को आज्ञा देकर चित्रगुप्त स्वर्गलोक चले गये स्वर्ग जाकर चित्रगुप्त धर्मराज के अधिकार में स्थित हुए। हे भीष्म इस प्रकार चित्रगुप्त की उत्पत्ति मैंने आपसे कही। अब मैं उन लोगों का विचित्र इतिहास और चित्रगुप्त का जैसा प्रभाव उत्पन्न हुआ सो भी कहता हूँ। श्री पुलस्त्य मुनि बोले कि नित्य पाप कर्म में रत पृथ्वी पर सौदास नामक राजा हुआ। उस पापी दुराचारी तथा धर्म-कर्म से रहित राजा ने जिस प्रकार स्वर्ग में जाकर पुण्य के फल का भोग किया वह कथा सुना रहा हूं। राजनीति को नहीं जानते हुए राजा ने अपने राज्य में ढिंढ़ोरा पिटवा दिया कि दान-धर्म, हवन, श्राद्ध-तर्पण, अतिथियों का सत्कार, जप-नियम तथा तप मेरे राज्य में कोई ना करे। देवी आदि की भक्ति में तत्पर वहां के निवासी ब्राम्हण लोग उसके राज्यों को छोड़ अन्य राज्यों में चले गये। जो रह गये वे यज्ञ हवन श्रद्धा तथा तर्पण कभी नहीं करते थे। हे गंगापुत्र तबसे उसके राज्य में कोई भी यज्ञ हवन आदि पुण्य कर्म नहीं कर पाता था। उस समय पुण्य उस राज्य से ही बाहर हो गया था। ब्राम्हण तथा अन्य वर्ण के लोग नाश करने लगे। अब आपको उस दुष्ट राजा का कर्म फल सुनाता हूँ। हे भीष्म! कार्तिक शुक्ल पक्ष की उत्तम तिथि द्वितीय को पवित्र होकर सभी कायस्थ चित्रगुप्त का पूजन करते थे। वे भक्तिभाव से परिपूर्ण होकर धूप-दीप आदि कर रहे थे। देवयोग से राजा सौदस भी घूमता हुआ वहां पहुंचा और पूजन देखकर पूछने लगा यह किसका पूजन कर रहे हो? तब वे लोग बोले कि राजन हम लोग चित्रगुप्त की शुभ पूजा कर रहे हैं। दैवयोग से यह सुनकर राजा सौदस के मन में भगवान चित्रगुप्त के प्रति श्रद्धा उत्पन्न हुआ और उसने कहा कि मैं भी चित्रगुप्त की पूजा करूँगा। यह कहकर सौदास ने विधिपूर्वक स्नानादि करके मन से चित्रगुप्त की पूजा की। इस भक्तियुक्त पूजा करने से उसी क्षण राजा सौदस पापरहित होकर स्वर्ग चला गया। इस प्रकार चित्रगुप्त का प्रभावशाली इतिहास मैंने आपसे कहा। अब हे नृपश्रेष्ठ! और क्या सुनने की आपकी इच्छा है? यह सुनकर भीष्म पितामह ने महर्षि पुलस्त्य मुनि से कहा– हे मुनिवर! किस विधि से वहां उस राजा सौदस ने चित्रगुप्त का पूजन किया जिसके प्रभाव से सौदास स्वर्ग लोक को चला गया, वह कहें। श्रीपुलस्त्य मुनि बोले– हे भीष्म! चित्रगुप्त के पूजन की संपूर्ण विधि मैं आप से कह रहा हूँ। घृत से बने नैवेध, ऋतुफल, चन्दन, पुष्प, दीप तथा अनेक प्रकार के रेशमी और विचित्र वस्त्र से, शंख मृदंग, डिमडिम अनेक बाजे के साथ भक्तिभाव से पूजन करें। हे विद्वान! नवीन कलश लाकर जल से परिपूर्ण करें। उस पर शक्कर भरा कटोरा रखें और यत्नपूर्वक पूजनकर ब्राम्हण को दान देवें। पूजन का मंत्र भी इस प्रकार पढ़े झ दवात कलम और हाथ में खल्ली लेकर पृथ्वी में घूमने वाले हे चित्रगुप्त आपको नमस्कार है। हे चित्रगुप्त आप कायस्थ जाति में उत्पन्न होकर लेखकों को अक्षर प्रदान करते हैं जिसको आपने लिखने की जीविका दी है। आप उनका पालन करते हैं इसलिए मुझे भी शांति दीजिए। हे भीष्म इन मंत्रों से संकल्पपूर्वक चित्रगुप्त का पूजन करना चाहिए। इस प्रकार राजा सौदास ने भक्तिभाव से पूजन कर निजराज्य का शासन करता हुआ कुछ ही समय में मृत्यु को प्राप्त हुआ। यमदूत राजा सौदास को भयानक यमलोक में ले गए। चित्रगुप्त ने यमराज से पूछा कि यह दुराचारी पाप कर्मरत सौदास राजा है जिसने अपनी प्रजा से पापकर्म करवाया है। इसके लिए कठोरतम दंड का विधान होना चाहिए। इस प्रकार धर्मराज से पूछे जाने पर धर्माधर्म को जानने वाले महामुनि चित्रगुप्त जी ने हंसकर उस राजा के लिए धर्मयुक्त शुभ वचन कहा– हे धर्मराज! यह राजा यद्यपि पापकर्म करने वाला पृथ्वी में प्रसिद्ध है और मैं आपकी प्रसन्नता से पृथ्वी पर पूज्य हूं। हे स्वामिन्! आपने ही मुझे वह वर दिया है। आपका सदैव कल्याण हो। आपको नमस्कार है। हे देव आप भली-भांति जानते हैं और मेरी भी मति है कि यह राजा पापी है तब भी इस राजा ने भक्तिभाव से मेरी पूजा की है इससे मैं इससे प्रसन्न हूं। हे इष्टदेव! इस कारण यह राजा बैकुंठ लोक को जाए। चित्रगुप्त का यह वचन सुनकर यमराज ने राजा सौदास को बैकुंठ जाने की आज्ञा दी और राजा सौदास बैकुंठ लोक को चला गया। श्री पुलस्त्य मुनि ने कहा– हे भीष्म! जो कोई सामान्य पुरुष या कायस्थ चित्रगुप्त की पूजा करेगा वह भी पाप से छूटकर परमगति को प्राप्त करेगा। हे गांगेय, आप भी सर्वविधि से चित्रगुप्त की पूजा करिए जिसकी पूजा करने से हे राजेन्द्र! आप भी दुर्लभ लोक को प्राप्त करेंगे। पुलस्त्य मुनि के वचन सुनकर भीष्म ने भक्ति मन से चित्रगुप्त की पूजा की। चित्रगुप्त की दिव्य कथा को जो श्रेष्ठ मनुष्य भक्तियुक्त मन से सुनेंगे वे मनुष्य समस्त व्याधियों से छूटकर दीर्घायु होंगे और मरने पर जहाँ तपस्वी लोग जाते हैं, ऐसे विष्णु लोक को जाएंगे।

प्रेस स्वतंत्रता दिवस

# जब पत्रकारिता जिंदा थी...

**प्रियंका सौरभ**



हर साल 3 मई को जब प्रेस स्वतंत्रता दिवस आता है, तो एक गहरी चुप्पी के साथ यह सवाल भी उठता है कि क्या अब भी पत्रकारिता वाकई स्वतंत्र है? क्या यह दिन अब भी उस निडरता, जिम्मेदारी और सच्चाई का प्रतीक है, जिसे किसी जमाने में पत्रकारिता कहा जाता था? या अब यह दिन भी बस एक रस्मी औपचारिकता बनकर रह गया है–जैसे किसी मृत परंपरा की बरसी? जिस पत्रकारिता की कभी सत्ता से टकराने की हिम्मत होती थी, आज वही सत्ता की गोद में बैठी दिखाई देती है। कलम अब धारदार नहीं रही, वह विज्ञापनों और प्रायोजनों की रोशनी में चमकने लगी है। संपादकीय नीति अब मूल्य आधारित नहीं, बाजार आधारित हो गई है। न्यूज चैनल्स पर खबरों की जगह चिल्लाहट है, बहस की जगह शोर, और सच्चाई की जगह स्क्रिप्ट। यही वो दौर है जब एक नई जमात ने जन्म लिया–सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर। ये वो लोग हैं जिनके पास पत्रकारिता की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं, पर कैमरे के सामने आने की कला है। इन्होंने सच्चाई की जगह फिल्टर, और रिसर्च की जगह रील को महत्व दिया। इनके लिए हर मुद्दा एक कंटेंट आइडिया है–चाहे वो किसी किसान की आत्महत्या हो या किसी लड़की के साथ हुआ अत्याचार। आज के इन्फ्लुएंसर उस भूमिका में आ गए हैं, जो कभी पत्रकार निभाया करते थे। फर्क सिर्फ इतना है कि पत्रकार किसी खबर के पीछे सच्चाई खोजता था, जबकि इन्फ्लुएंसर सिर्फ दृश्य और एंगेजमेंट खोजता है। पत्रकार गलत साबित हो सकता है, लेकिन वह जवाबदेह होता है; इन्फ्लुएंसर सिर्फ व्यूज के आंकड़े गिनता है–चाहे उसकी बात का कोई आधार हो या नहीं। पत्रकार की रिपोर्ट अगर जनता तक न पहुंचे, तो उसे उसकी ईमानदारी का इनाम बेरोजगारी में मिलता है। वहीं इन्फ्लुएंसर अगर भावुक रील बना दे, तो उसे ब्रांड डील और फॉलोवर मिलते हैं। पत्रकार अगर सत्ता से सवाल करे तो देशद्रोही कहा जाता है, लेकिन इन्फ्लुएंसर अगर वही बात हँसते हुए कर दे, तो उसे बोल्ड कहा जाता है। वास्तव में, आज हम एक ऐसे दौर में हैं जहां जनता ने भी सच सुनने की आदत छोड़ दी है। लोग तथ्य नहीं चाहते, वे भावनाएँ चाहते हैं। उन्हें विश्लेषण नहीं चाहिए, उन्हें मनोरंजन चाहिए। सवाल पूछना अब अवसाद पैदा करता है, और चुटकुले राहत देते हैं। यही वजह है कि प्रेस की चुप्पी हमें खलती नहीं, बल्कि रीलों का शोर हमें राहत देता है।

कल्पना कीजिए, आने वाले समय में 3 मई को हम प्रेस स्वतंत्रता दिवस नहीं, बल्कि इन्फ्लुएंसर दिवस मनाया करेंगे। स्कूलों में बच्चों से पूछा जाएगा–₹बेटा बड़े होकर क्या बनोगे?₹ और जवाब मिलेगा–₹वीडियो बना के देश बदलूँगा।₹ मंचों पर ट्रेंडिंग रीलर्स आमंत्रित होंगे, जो बताएंगे कि लोकतंत्र




पर रील कैसे बनती है। और प्रेस? वह किसी कोने में बैठी होगी–भूली-बिसरी यादों की तरह। यह एक हास्यास्पद यथार्थ है, पर उतना ही सच्चा भी। क्योंकि लोकतंत्र की आत्मा, उसकी स्वतंत्र प्रेस में होती है। और अगर वो आत्मा अब इंस्टाग्राम के फॉलोवर गिनने में खो जाए, तो संविधान की प्रास्तावना भी किसी प्रोफाइल बायो जैसी लगने लगेगी। कवियों, लेखकों, विचारकों और पत्रकारों को मिलकर इस गिरावट को समझना होगा। लोकतंत्र सिर्फ चुनाव से नहीं चलता, वह विचारों की अभिव्यक्ति और सत्य की खोज से चलता है। हमें फिर से उस पत्रकारिता को पुनर्जीवित करना होगा जो सवाल करे, सच्चाई बताए, और सत्ता के सामने झुके नहीं। वरना वह दिन दूर नहीं जब हम सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड चलाएंगे–#ThrowbackToJournalism, और उस दिन की सबसे वायरल रील होगीः ₹जब पत्रकारिता ज़िंदा थी...

## एक नजर

### आवेदनों का निराकरण शीघ्र करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कांकेर,3 मई ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सुशासन तिहार के तहत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र करने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाओ के साथ ही संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने निर्देशित किया।

जिला कार्यालय में आज दोपहर को आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने विभागवार समीक्षा किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि जिन विभागों के आवेदन की संख्या पोर्टल में अधिक है, उन्हें अतिरिक्त समय लेकर आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ हो और आगामी चरण के शिविरों के पहले लंबित आवेदनों का निपटारा करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मण्डावी, अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे सहित संबधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले के 138 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी

**कांकेर,3 मई ।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विशेष परियोजनांतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों व नक्सल हिंसा से प्रभावित हितग्राहियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से आवास निर्माण की प्रथम किश्त की राशि 40-40 हजार रूपए अंतरित की गई, जिसमें जिले के 138 हितग्राही भी लाभान्वित हुए। वर्चुअल कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

जिला पंचायत में आज दोपहर 01 बजे आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के लिए आवास प्लस योजना से लाभान्वित करने का जो निर्णय लिया है, वह कारगर साबित हो रही है। उन्होंने विशेष परियोजनांतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों व नक्सल हिंसा से प्रभावित हितग्राहियों को आवास निर्माण की प्रथम किश्त की राशि जारी की है। उन्होंने लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा करते हुए आवास निर्माण कार्य को जल्द प्रारंभ करने के लिए शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन के अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने बताया कि कांकेर जिले के आत्मसमर्पित नक्सलियों व नक्सल हिंसा से प्रभावित 138 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित की गई है, जिसमें भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के 09, कोयलीबेड़ा के 79, अंतागढ़ के 39, दुर्गूकोंदल के 09, चारामा और कांकेर विकासखण्ड के 1-1 हितग्राही शामिल हैं।

### कांकेर जिले में पीएचई विभाग सक्रिय, गांवों में निरीक्षण कर बिगड़े हैंडपंपों का हो रहा संधारण

**दंतेवाड़ा, 3 मई ।** भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। पीएचई विभाग की टीमें पानी के स्रोतों की जांच कर रही हैं और बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से जारी है।

इसी कड़ी में गत दिवस ग्राम सिदेसर और रानीडोंगरी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत की जा रही व्यवस्थाओं का विभागीय टीमों ने जायजा लिया। इस दौरान सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जा रही है, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से ग्रामीणों को बचाया जा सके। पीएचई विभाग ने मरम्मत योग्य हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने का निर्देश दिया है। ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की जल संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है।इसके अलावा संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# विधायक चैतराम अटामी ने बारसूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 3 मई।** क्षेत्रीय विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी क्षेत्र भ्रमण के दौरान बारसूर पहुंचे । जहां भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ ने विधायक चैतराम अटामी का आत्मीय स्वागत किया ।विधायक चैतराम अटामी ग्रामीणजनों से रूबरू हुए । ग्रामीणों ने विधायक चैतराम अटामी को क्षेत्र की समस्याएं एवं विकास कार्यो के बारे में अवगत करवाया जिसे गंभिरता से लेते हुए विधायक चैतराम अटामी ने समस्याओं के जल्द निराकरण की बात कही एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने हेतु कहा । विधायक चैतराम अटामी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारसूर का निरिक्षण किया बी एम् ओ, स्टाफ़ एवं मरीजों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।

विधायक चैतराम अटामी ने बारसूर के नविन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्लॉक गीदम जिला दंतेवाड़ा निर्माण एजेंसी सी. जी. एम. एस.सी लिमिटेड को जल्द से जल्द चालू करने हेतु निर्देशित किया ।

# शासकीय उच्च एवं प्राथमिक शाला माधोपारा हारम के परीक्षा परिणाम घोषित



**गीदम, 3 मई ।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला व प्राथमिक शाला माधोपारा हारम में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीदम जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल व उप सरपंच हारम भीम नाग मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा कक्षा 1 से 8वी तक के सभी छात्रो को अंक सूची प्रदान किया गया वही कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार के रूप में जनप्रतिनिधियों द्वारा कलम व बॉटल भेंट कर उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा शाला में बाउंड्री वाल बरामदा, खेल मैदान , पोषण वाटिका , कला मंच निर्माण हेतु आवश्यक पहल करने का आस्वाशन भी दिया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति, संकुल समन्वयक बसन्त पाल, प्रधान पाठक रंजीता नाग समेत सभी शिक्षक गण शामिल रहें।



# शाला समिति के अध्यक्ष पुष्पा ने विधायक को स्कूल की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 3 मई।** बचेली शासकीय कन्या उश्र माश्र विश बचेली के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एस.एम.डी.सी के अध्यक्ष पुष्पा सिंह यादव ने गुरुवार दिनांक 1 मई को स्कूल से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु समिति के सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जिला मुख्यालय में विधायक निवास दंतेवाड़ा पहोंचकर विधायक चैतराम अटामी को सौपे ज्ञापन विधायक महोदय एवं उनके साथ विधायक निवास में उपस्थित पुर्व पालिका उपाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जल्द से जल्द समश्याओ के निराकरण एवं समाधान करने का आश्वासन दिया ज्ञापन सौपने के दौरान जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अरुणा टंडन ,पूर्णिमा टेकाम, कुसुम सिंह राय उपस्थित थें।

### ग्राम पंचायत परचेली में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 3 मई ।** कार्यालय अनुविभागीय से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए विकासखंड कटेकल्याण अंतर्गत सर्व संबंधित ग्रामवासियों को सुचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत परचेली में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आवंटन किया जाना है अतः विकासखण्ड कटेकल्याण अंतर्गत उपरोक्त ग्राम के समस्त स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, से0 सह0 समिति आदि को सूचित किया जाता है, कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्नक के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र, वर्तमान माह से विगत एक वर्ष बैंक खाते का स्टेटमेंट छाया प्रति, संस्था, समूह के प्रस्ताव के छायाप्रति, संस्था के अध्यक्ष, प्रबंधक एवं सचिव के आधार की छायाप्रति, संस्था, समूह के उपविधि की छायाप्रति के साथ 13 मई 2025 को शाम 05 बजे तक आवेदन पत्र उक्त कार्यालय में प्रस्तुत करें। समय अवधि के पश्चात प्रस्तुत आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

# हैंडपंप खनन की मांग



**सुकमा, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता कवासी जी ने अपने जिला पंचायत क्षेत्र गादीरास में पेयजल समस्या को निराकरण के लिए हैंडपंप खनन की थी मांग। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता कवासी जी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करते हुए हैंडपंप करवाया स्वीकृत हैंडपंप खनन होते ही ग्रामीणों में उत्साह अब ग्रामीणों की पानी की समस्या होगी दूर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता कवासी जी ने कहा क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा हैइस दौरान वरिष्ठ नेता बच्चन सिंह भदौरिया जी शंकर सिंह भदौरिया जी गादीरास सरपंच ओयामी हिंगा जी गादीरास उपसरपंच धर्मेंद्र सिंह चौहान जी मौजूद रहे।

# बस स्टैंड का कायाकल्प



**सुकमा, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कायाकल्प फर्स व कुसियां नई लगी है। नई वायरिंग की गई है। बस स्टैण्ड में शीतल जल की व्यवस्था की गई है मनोरंजन के लिए टीवी लगाई गई है। बस काउंटर बुकिंग के लिए अलग से बस स्टैण्ड परिसर में केवल यात्रियों के लिए व्यवस्था रखी गई है। ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। बस स्टैण्ड में पुलिस की अति आवश्यक है। शाम के वक्त में महिलाओं एवं यात्रियों में झगड़ा होता है। अंतरराज्यीय सेवा सुकमा होकर गुजरती है।

# सुकमा जिले के 842 नक्सल प्रभावित परिवारों को पीएम आवास स्वीकृत



**सुकमा, 3 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुकमा जिले में आयोजित पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के राशि अंतरण कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विशेष योजनांतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों व नक्सल हिंसा से प्रभावित हितग्राहियों को जिलास्तरीय कार्यक्रम में आवास निर्माण की राशि प्रथम किश्त ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया। कार्यक्रम में जिले से कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन उपस्थित थे। जिला पंचायत सभाकक्ष सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कोंटा विकासखंड के जगरगुंडा पंचायत निवासी नक्सल प्रभावित हितग्राही श्री कृष्णा गोरला से बात की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हितग्राही कृष्णा से परिचय प्राप्त कर, उन्हें पीएम आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त की राशि अंतरण करते हुए, आवास का सपना पूरा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।सुकमा जिले में कुल 842 आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को पीएम आवास स्वीकृत किया गया है जिसमें छिंदगढ़ विकासखंड के 90, कोंटा विकासखंड के 622 और सुकमा विकासखंड के 130 नक्सल प्रभावित परिवार शामिल हैं। बस्तर संभाग में पीएम आवास स्वीकृति में सुकमा जिला प्रथम स्थान पर है। जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 54.6त्न पात्र परिवारों को पुनर्वास नीति के तहत योजना का लाभ दिया जा रहा है। अन्य हितग्राहियों का सर्वे कार्य किया जा रहा है।

### शासकीय आईटीआई सुकमा में सोलर तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**सुकमा, 3 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली रूफटॉप सोलर पैनल के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सुकमा में सोलर तकनीशियन कोर्स का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षण विभाग विद्युतकार द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह प्रशिक्षण 5 दिवसीय सैद्धांतिक और 2 दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग सहित कुल 7 दिनों का होगा। इस प्रशिक्षण में आईटीआई पासआउट प्रशिक्षणार्थियों को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के माध्यम से परीक्षा ली जाएगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को तकनीशियन प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण-पत्र युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य वर्ग-02 श्री नीलेश कुमार नेताम के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्युतकार के प्रशिक्षण अधिकारी श्री चूड़ामणि गुप्ता (ट्रेनर), श्री जगजीवन राम निषाद (फिटर), श्री मस्तराम खुंटे (गणित/ड्राइंग), सुश्री सुप्रिया बंजारे (विद्युतकार), सुश्री मनीसा बंजारे (मैकेनिक डीजल), श्री सुखचंद खुटे और श्री प्रमोद कुमार घोष (कोपा), श्री मोलसाय मौर्य (सहायक ग्रेड-02) सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# ओव्हर लोड से दुर्घटना की आशंका




**सुकमा, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बृहपतिवार को साप्ताहिक बाजार कोंटा में लगता है। टैक्सी वाले नीचे से ऊपर तक सवारी बैठाते है। बस स्टैण्ड कोंटा में यातायात पुलिस का कोई भी जवान उपस्थित नहीं रहता है। टैक्सी एवं भेजी जाने वाली बस में भी नीचे से ऊपर सवारियों को बैठाकर ले जा रहे है साप्ताहिक बाजार के दिन यातायात पुलिस को बस स्टैण्ड में रहना जरूरी है। पुलिस प्रशासन कंट्रोल नहीं करती है तो कभी भी घटना हो सकती है।

### सोड़ी अर्पण का बना आधार कार्ड

**सुकमा, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार आम जनमानस के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। इस अभियान के अंतर्गत अब सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ



लोगों तक पहुंच रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर इसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से समाधान खुद चलकर दरवाजे पर पहुंच रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार में आवेदन करने पर छिंदगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मनीकोण्टा निवासी सोड़ी अर्पण का आधार कार्ड एनरोलमेंट किया गया। शासन के द्वारा आधार कार्ड आने पर हितग्राही को प्रदान किया जाएगा। उनके पिता ने छत्तीसगढ़ सरकार की इस सुशासन तिहार कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा



**दंतेवाड़ा, 3 मई ।** जिला कार्यालय के डंकनी सभा कक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य जनसामान्य तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, के संबंध में निर्देश दिए है कि इन योजना से छूट गए पात्र हितग्राहियों की व्यक्तियों की पहचान कर उनका संपूर्ण पंजीयन किया जाए। साथ ही नॉन-कम्युनिकेबल (गैर-संक्रामक) बीमारियों की स्क्रीनिंग गांव-गांव कैंपिंग के माध्यम से यूनिवर्सल स्क्रीनिंग कर बीमारियों की जल्दी पहचान और उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कल्याण विभाग की भूमिका केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी संचालन में प्रमुख जिम्मेदारी है। आमजनों हेतु उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु दवाइयां की उपलब्धता एवं भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखें इसके अलावा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें साथ ही मेडिकल वेस्ट के सही विनष्टीकरण हेतु सतिपत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त स्थान होने चाहिए और वह कॉमन वेस्ट से अलग रहने चाहिए मलेरिया उन्मूलन अभियान के संबंध में कलेक्टर ने घर-घर जांच किए जाने का निर्देश साथ ही सभी सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वैलनेस सेंटर में केंद्र और राज्य की महिला और बच्चों से संबंधित योजनाओं की जानकारी चस्पां के जाने के अलावा गर्मी को देखते हुए सभी स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटरों में आमजनों हेतु पेयजल एवं ओआरएस गोल पैकेट अनिवार्य रूप से रखने को कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि आयुष्मान (70 प्लस वय वंदन योजना) के अन्तर्गत 4657, लक्ष्य के विरूद्ध 2551, (54.78 प्रतिशत) पंजीयन, सिकल सेल के लक्ष्य 189155, के विरूद्ध, 186272 स्क्रीनिंग किया जा चुका है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में पंजीयन की स्थिति 233479, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में लक्ष्य 9721 के विरूद्ध 10973 जांच, 2025 तक चालू वर्ष में गर्भवती पंजीयन 8970, चालू वर्ष में संस्थागत प्रसव 8363 के विरूद्ध 6574, टीकाकरण लक्ष्य 8363, के विरूद्ध 8000 पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है।

# आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु 5 मई से लगाए जाएंगे समाधान शिविर

**कांकेर,3 मई ।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सुशासन तिहार शिविर आयोजन हेतु संशोधित आदेश जारी किया गया है। निर्धारित कलस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में कलस्टरवार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगामी 05 मई को जनपद पंचायत अंतागढ़ के लामकन्हार में, भानुप्रतापपुर के केंवटी, कांकेर के बेवरती और जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के कलस्टर गोण्डाहुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 06 मई को चारामा के दरगहन, नरहरपुर के दुधावा, दुर्गूकोंदल के हाटकोन्दल, अंतागढ़ के ताड़ोकी में तथा 07 मई को कोयलीबेड़ा के बड़गांव, भानुप्रतापपुर के संबलपुर और जनपद पंचायत अंतागढ़ के कलस्टर बेलोण्डी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 08 मई को जनपद पंचायत चारामा के चारभाठा, दुर्गूकोंदल के बरहेली, कांकेर के डुमाली में एवं 09 मई को कांकेर के कोदागांव, कोयलीबेड़ा के पानीडोबीर, नरहरपुर के सरोना तथा अंतागढ़ के बण्डापाल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 13 मई को भानुप्रतापपुर के भानबेड़ा, कोयलीबेड़ा के बांदे, नरहरपुर के सुरही, कांकेर के पीढ़ापाल और अंतागढ़ के मण्डागांव तथा 14 मई को चारामा के अरौद एवं दुर्गूकोंदल के कोड़ेकुर्से में, 15 मई को कोयलीबेड़ा के छोटेबेठिया, नरहरपुर के उमरादाह, भानुप्रतापपुर के बैजनपुरी तथा कांकेर के बागोडार में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार सुशासन तिहार अंतर्गत 16 मई को जनपद पंचायत चारामा के कलस्टर हाराडुला और दुर्गूकोंदल के कोदापाखा में, 19 मई को कोयलीबेड़ा के छोटेकापसी, नरहरपुर के धनेसरा, कांकेर के कुलगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 20 मई को चारामा के लखनपुरी में, 21 मई को भानुप्रतापपुर के हाटकर्रा तथा कोयलीबेड़ा में, 22 मई को चारामा के पुरी और 23 मई को कोयलीबेड़ा के ऐसेबेड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने उक्त समाधान शिविर में सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।

### पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 8 मई को, 933 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर,3 मई ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 08 मई दिन गुरूवार को पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी, प्रथम पाली पूर्वान्ह 09 से 12.15 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें जिले के कुल 933 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा परीक्षा का सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा हेतु शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय इन्दरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

एक नजर

## संयुक्त टीम ने की अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर सतत कार्रवाई



**महासमुंद 3 मई।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में आज कुम्हारी रेत खदान की सीमा पर ग्राम चिंगरौद, महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा गया।खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एक हाईवा (वाहन क्रमांक सीजी 04 एनटी 3308 एवं एक चैन माउंटेन मशीन टाटा हितैची को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर ग्राम कोटवार चिंगरौद के सुपुर्दगी में रखा गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा।पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नवीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सीमा निर्धारित

**रायगढ़, 3 मई।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल http://postmatric-scholarship.cg.nic.in में ऑनलाईन आवेदन किया जाता है। वर्तमान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का ऑनलाईन भुगतान वर्ष में एक बार जनवरी से मार्च के मध्य किया जाता है। जिसके तहत वर्ष 2025-26 में नवीनीकरण एवं नवीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सीमा निर्धारित किया गया है। जिसमें नवीनीकरण हेतु आवेदन की तिथि 31 मई 2025, 31 अगस्त 2025 तक एवं 30 नवम्बर 2025 तक निर्धारित है। इसी तरह नवीन हेतु 31 अगस्त 2025 तक, 30 सितम्बर 2025 तथा 30 नवम्बर 2025 तक निर्धारित है।वर्ष 2025-26 में प्राप्त नवीनीकरण एवं नवीन आवेदनों का परीक्षण समयावधि में भुगतान तिथि पूर्व सक्षम अधिकारी द्वारा कर छात्रवृत्ति का समस्त भुगतान माह दिसम्बर तक पूर्ण किया जाना है। इसके पश्चात विशेष प्रकरणों में ही (जैसे-परीक्षा परिणाम में विलंब, आवेदन तथा संलग्न दस्तावेजों में त्रुटि आदि)के अंतर्गत प्राप्त होने वाले लंबित आवेदनों का भुगतान आगामी दो माह में किया जाएगा। अतएव वर्ष 2024-25 के छात्रवृत्ति लंबित प्रकरणों का निराकरण 7 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से कराया जाकर निर्धारित समयावधि में छात्रवृत्ति का वितरण किया जा सके। कलेक्टर आदिवासी विकास, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### जिले में परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त

**महासमुंद, 3 मई ।** राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के निर्देशानुसार, 4 मई 2025 को आयोजित होने वाली ह्श्वश्वञ्ज-2025 परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु तथा परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।जिले के 4 परीक्षा केंद्रों के लिए नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट इस प्रकार है। जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य पी.जी. कॉलेज मचेवा के लिए महासमुंद श्री कृष्ण कुमार साहू, तहसीलदार महासमुंद ड्यूटी मजिस्ट्रेट होंगे। इसी तरह शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, बरौंडाबाजार, महासमुंद के लिए श्री मोहित कुमार अमिला, नायब तहसीलदार महासमुंद, पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय, महासमुंद के लिए पटेवा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी परीक्षा के दिन प्रातः 9ः00 बजे से अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहकर सभी आवश्यक निगरानी और सुरक्षा उपायों को देखेंगे।

# मुख्यमंत्री से नक्सल हिंसा पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 3 मई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास में बस्तर अंचल से आए नक्सल हिंसा पीड़ितों के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में सुकमा, बीजापुर, कांकेर सहित बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के वे नक्सल हिंसा पीड़ित शामिल थे।

जिन्होंने विगत वर्षों में नक्सली हिंसा के कारण अपनों को खोया है, शारीरिक यातनाएँ झेली हैं अथवा विस्थापन का दंश सहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को ज्ञापन सौंपते हुए कुर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान को निर्णायक मोड़ तक पहुँचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बस्तर के हजारों परिवार चार दशकों से माओवादी आतंक की विभीषिका का सामना कर रहे हैं, जिसने क्षेत्र की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक बुनियाद को गहरा नुकसान पहुँचाया है। हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई और सरकार की समावेशी विकास की नीति से बस्तर में शांति और विकास की आशा फिर से जगी है। ग्रामीणों ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों को इस नई जागरूकता और विश्वास का प्रतीक बताया।मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कुर्रेगुट्टा में चलाया जा रहा सुरक्षा अभियान निर्णायक चरण में है। सरकार किसी भी कीमत पर नक्सल उन्मूलन अभियान को पूर्ण करेगी ताकि बस्तर के विकास को गति मिले। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद सिर्फ एक हिंसक आंदोलन नहीं, बल्कि हमारी सह-अस्तित्व पर आधारित संस्कृति पर खतरा भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर नक्सल पीड़ित परिवार के साथ सरकार खड़ी है और सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने या अभियान में बाधा डालने वाले किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि बस्तर में स्थायी शांति और समावेशी विकास ही सरकार का लक्ष्य है, और यह तभी संभव है जब क्षेत्र को हिंसा और भय के साये से पूरी तरह मुक्त किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आशा व्यक्त की कि नक्सल विरोधी संघर्ष में जन-भागीदारी और जनविश्वास की शक्ति से हम निस्संदेह सफलता प्राप्त करेंगे और बस्तर को स्थायी शांति और विकास की दिशा में अग्रसर करेंगे।

## ऑल इंडिया विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में महिला टीम की ऐतिहासिक जीत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 मई ।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की सॉफ्टबॉल महिला टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता नेल्लूर में आयोजित है में प्रथम मैच में माधव यूनिवर्सिटी राजस्थान को 10-0 से एवं दूसरे मैच में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात को तीन-दो से तीसरे मैच में बेंगलुरु यूनिवर्सिटी कर्नाटक चौथे मैच में बरकततुल्ला यूनिवर्सिटी को हरा कर प्री क्वाटर में प्रवेश किया फिर पांचवे मैच में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी एवं गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी पंजाब को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई,, इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में देश भर की 96 विश्वविद्यालय ने भाग लिया जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला टीम ने अंतिम 04 में अपनी जगह बनाई ।

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के इतिहास में पहली बार कोई टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय में क्वालीफाई किया, महिला टीम में कु ज्योति हेमला पिचर एवं कु अरुणा पुनेम कैचर की जुगलबंदी ने टीम को विजय बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई टीम में कु चंद्रकला, कु रेणुका, कु विमला शासकीय शहीद वेंकट राव महाविद्यालय बीजापुर, लक्ष्मी मौर्य, माड़वी शांति , शामबती , जयमती, शर्मिला, आकांक्षा ये शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा से यलका, लालिमा, अनीता विमला शासकीय नवीन महाविद्यालय धनोरा कोंडागांव से ,, और ओमेश्वरी बस्तर यूनिवर्सिटी से सभी खिलाड़ी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं टीम को गौरवान्वित किया इस टीम के कोच श्री मारुति नन्दन मरकाम क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा एवं मैनेजर श्री राजेन्द्र सिंह राज थे,।टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय जी , शारिरीक शिक्षा विभाग के संचालक श्री बी एल केवट, श्री नवीन सिंह सर वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी, श्री सोपान कर्णेवार कोच बीजापुर एकेडमी श्री रजनीश ओसवाल जी कोच एकलव्य कीड़ा परिसर जावांगा,श्री राहुल गौरखेड़े जी , एवं सभी अधिकारियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी एवं खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पटवारी विजय प्रभाकर निलंबित

**महासमुंद, 3 मई ।** सोशल मिडिया में वायरल विडियो में राजस्व संबंधी कार्यों के संबंध में श्री विजय प्रभाकर पटवारी हल्का नंबर 50 ग्राम मोहगांव को अनुविभागीय अधिकारी श्री ओंकारेश्वर सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे लेकिन 24 घंटे के पश्चात भी पटवारी श्री प्रभाकर द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, फलस्वरुप आज उन्हें निलंबित कर दिया गया है

अनुविभागीय अधिकारी, पिथौरा श्री ओंकारेश्वर सिंह द्वारा जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि वायरल वीडियो में आम जन से राशि की मांग करते हुए धनराशि प्राप्त की जा रही है, जिससे शासन-प्रशासन की छबि धूमिल हो रही है।उक्त वायरल विडियो के संबंध में संबंधित हल्का पटवारी को कार्यालय द्वारा 01 मई 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। संबंधित पटवारी द्वारा 24 घंटे व्यतीत हो जाने के उपरांत भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया।अतः उनका उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (2) के विपरित होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के विपरीत है।अतः श्री विजय प्रभाकर पटवारी हल्का नंबर 50 ग्राम मोहगांव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय पिथौरा होगा । श्री विजय प्रभाकर पटवारी को निलंबन अवधि में मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा ।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।


## मुख्यमंत्री ने आत्मसमर्पित और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त जारी की



**बीजापुर, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत आत्म समर्पित नक्सली/पीड़ित परिवारों को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य मंत्री श्री विष्णु देव साय ने संबोधित करते हुए स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा सहित जनप्रतिनिधि गण कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वर्चुअल शामिल हुए।अवगत हो कि जिला बीजापुर में आत्म समर्पित नक्सली/पीड़ित परिवारों आवास प्लस के माध्यम से सर्वे कर 1392 का लक्ष्य प्राप्त किया गया था जिसमें से आज पर्यंत तक 600 पीड़ित परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर प्रथम किस्त जारी किया गया साथ मुख्य मंत्री कार्यक्रम में शामिल हितग्राहियों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने आत्म समर्पित नक्सली/पीड़ित परिवारों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान सरिता लेखाम ग्राम पंचायत जांगला एवं श्री संदीप कोड़े ग्राम पंचायत पामगल से मुख्य मंत्री जी वर्चुअल संवाद भी किया।

## थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोण्डापल्ली में मोबाइल टॉवर प्रारंभ

**बीजापुर, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोण्डापल्ली के ग्रामीणों को मिली सौगात, जिओ का मोबाइल टॉवर हुआ प्रारंभ, संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ । जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम कोमटपल्ली, भट्टीगुड़ा, कोण्डापल्ली, रेखापल्ली एवं तुमिलगुड़ा के ग्रामीणों को संचार सुविधा का लाभ मिलेगा। छ.ग. शासन के नियद नेल्ला नार योजना एवं केंद्र की यू एस ओ एफ योजना के तहत दिनांक 29/04/2025 को ग्राम कोण्डापल्ली में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है । मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे लाभ मिलेगा।क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन की सुविधा के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होगी । वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट की आवश्यकता और सुविधा को देखते हुए, क्षेत्र में संचार के सुदृढ़ीकरण के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं । यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और वे देश-विदेश के साथ जुड़ सकेंगे। इसके अलावा, यह कदम क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## ईसीआई की तीन नई पहल

**बीजापुर, 3 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचनआयोग ने मतदाता सूची की शुद्धता में वृद्धि करने और नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है। ये उपाय भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा इस वर्ष मार्च में निर्वाचन आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी की उपस्थिति में राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान की गई पहलों के अनुरूप हैं। आयोग अब निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में यथा संशोधित) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप भारत के रजिस्ट्रार जनरल से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मृत्यु पंजीकरण डेटा प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मृत्यु के बारे में समय पर जानकारी प्राप्त हो। इससे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी फॉर्म 7 के द्वारा औपचारिक आवेदन पत्र का इंतजार किए बिना फील्ड विजिट के जरिए जानकारी को पुनः सत्यापित कर सकेंगे। मतदाता सूचना पर्चियों (वीआईएस) को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने इसके डिजाइन को संशोधित करने का भी फैसला किया है। मतदाता के क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसमें फॉन्ट का आकार बढ़ाया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में उनके नाम को कुशलतापूर्वक ढूंढना आसान हो जाएगा। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी बीएलओ, जिन्हें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13बी(2) के तहत ईआरओ द्वारा नियुक्त किया जाता है, को मानक फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिक मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आत्मविश्वास से बातचीत कर सकें। चुनाव संबंधी कर्तव्यों को निभाने में मतदाताओं और ईसीआई के बीच पहले इंटरफेस के रूप में, यह महत्वपूर्ण है कि घर-घर का दौरा करते समय बीएलओ जनता द्वारा आसानी से पहचाने जा सकें।

## राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण, समय-सीमा का रखें विशेष ध्यान:कलेक्टर





**रायगढ़, 3 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों में निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए प्राथमिकता से निराकरण करें।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू-अर्जन जैसे विभिन्न राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अविवादित नामांतरण, बटवारा के संबंध में कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा के बाहर नहीं जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सीमांकन की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन से पूर्व मूल खसरे का रकबा एवं नंबर का अवश्य अवलोकन करें। उन्होंने नक्शा बटांकन की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रगति बेहतर करने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ई-कोर्ट के लंबित प्रकरणों, डायवर्सन वसूली, त्रुटि सुधार, ऑनलाइन पंजीयन पर नामांतरण, स्वामित्व योजना जिओ रिफ्रेसिंग की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती के साथ मुआवजा वितरण के कार्य को प्राथमिकता से करें। उन्होंने केलो परियोजना कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति बेहतर होनी चाहिए, किसी प्रकार की दिक्कत होने पर तत्काल सूचित करें। इस दौरान उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जितने निर्माण कार्य हो रहे सभी प्राथमिकता से पूर्ण होने चाहिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों के भौतिक सत्यापन एवं केसीसी निर्माण की भी समीक्षा की। उन्होंने जन्म प्रमाण-पत्र के अनुपलब्धता पर आवश्यक विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए जाति प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीएम जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल के लंबित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निराकरण के निर्देश दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट मेला में 15 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए हुआ चयन



**रायगढ़, 3 मई।** योग्य अभ्यर्थियों/युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश से भारत सरकार के निर्देशानुसार आज प्रातः 10 बजे से शासकीय आईटीआई चक्रधर नगर, रायगढ़ में प्लेसमेंट मेला का आयोजन किया गया। जिसमें केसर अर्थ साल्यूशन केसर टॉवर रायपुर तथा ओम ऑटोमोबाइल्स प्रा.लिमिटेड में रिक्त विभिन्न पदों पर भर्तियों के लिए साक्षात्कार लिया गया। जिसमें कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें 15 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।साक्षात्कार के लिए शासकीय आईटीआई रायगढ़, नवीन आदर्श, अग्रसेन, शासकीय आईटीआई पुसौर, सरिया, लैलूंगा एवं सारंगढ़ के प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए थे।

### कलेक्टर ने किया शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण



**रायगढ़, 3 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी शहर के लिए प्रस्तावित विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि चिन्हांकन के लिए स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव और डीएफओ रायगढ़ श्री अरविंद पीएम व प्रोबेशनर आईएफएस श्री नवीन कुमार भी साथ रहे।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने रायगढ़ में खुलने जा रहे संगीत महाविद्यालय और प्रयास विद्यालय के लिए स्थल निरीक्षण हेतु अमलीभौना पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम रायगढ़ से चिन्हांकित जमीन के बारे में आवश्यक जानकारी ली। जिसके पश्चात कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने केलो डैम और टीपाखोल के निरीक्षण में पहुंचे यहां टूरिज्म डिपार्टमेंट द्वारा पर्यटन सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की जा रही कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि रायपुर से पयर्टन विभाग की प्लानिंग की टीम सर्वे करने के पश्चात पर्यटकों के रुकने, खान-पान और वॉटर स्पोर्ट्स सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में प्लान तैयार करेगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने रायपुर की टीम को सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश पर्यटन शाखा प्रभारी को दिए गए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने उर्दना नगर वन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों के अच्छे रख-रखाव को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया।इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, तहसीलदार रायगढ़ श्री शिव कुमार डनसेना सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**महासमुंद,3 मई ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में तीन नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि वर्ष 2024 से प्रभाव में आए ये नए कानून भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान ले चुके हैं।

उनके अनुसार, इन कानूनों का सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रारंभ में चुनौतियाँ आ सकती हैं, किंतु निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण के माध्यम से हम इनका सहज उपयोग सुनिश्चित करेंगे।÷ साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि अब आपराधिक मामलों में चालान 60 से 90 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इन कानूनों का समयबद्ध, पारदर्शिता के साथ पालन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को नए कानून के संबंध में सतत अध्ययन के निर्देश दिए हैं।प्रशिक्षण के दौरान जिला चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस विभाग को समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में उप संचालक लोक अभियोजन श्री आशीष कुमार सिन्हा एवं सहायक संचालक लोक अभियोजन श्री घनश्याम पाण्डे ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नए कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नये कानून के अंतर्गत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भी समय का निर्धारण किया गया है।उन्होंने बताया कि अर्थदण्ड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। नए टेक्नोलाजी को अपनाने से कार्य सुगम होंगे तथा अपराधियों को समय पर दण्ड मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिंक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, एडीएम श्री हरिशंकर पैकरा, श्री रवि कुमार साहू, श्री ओंकारेश्वर सिंह, श्री मनोज खांडे, डिप्टी कलेक्टर श्री आशीष कर्मा, श्रीमती मिषा कोसले, एसडीओपी सहित एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य नवीन विधिक परिवर्तनों के प्रति अधिकारियों को जागरूक करना तथा प्रशिक्षण की दिशा में ठोस पहल करना था।

# संवाद कार्यक्रम का चौथा चरण प्रारंभ, 16 मई तक चलेगा

■ जिले की 5 जनपद पंचायतों की 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ निराकरण

■ नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा संपर्क केन्द्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 3 मई।** ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा की विशेष पहल ''संवाद कार्यक्रम'' का चौथा चरण आज 2 मई से प्रारंभ हो गया। यह कार्यक्रम 16 जुलाई तक चलेगा।जिले की सभी पाँच जनपद पंचायतों की 10 ग्राम पंचायतों के नागरिकों ने अपनी समस्या विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री मिथिलेश डोंडे ने ग्रामीणों को स्वामित्व योजना और किसान पंजीयन की जानकारी भी दी।इसके अलावा विभागीय अधिकारियों द्वारा राजस्व एवं सहकारिता विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया गया।

कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देशानुसार प्रतिदिन जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत की 02 इस प्रकार कुल 10 ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्या का समाधान किया जाता है।

संपर्क केन्द्र द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में कोटवार के माध्यम से मुनादी करवाकर ग्रामीणों को पहले से सूचित कर दिया जाता है। इसके बाद संबंधित पंचायत में ग्रामीण अपनी मांगे, शिकायतें और समस्याएं लेकर ग्राम पंचायत भवन में एकत्रित हो जाते है जहां सरपंच, पंच, पंचायत सचिव सहित मैदानी अमला मौजूद रहता है और जिला मुख्यालय से विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी जुड़ते है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संपर्क केन्द्र के माध्यम से 21 अगस्त 2024 से संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसके तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों मे रहने वाले नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाता है।

संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की समस्याओं का निराकरण वर्चुअल माध्यम से किया जाता है। इसके लिए ग्रामीणों को जिला कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं हैं जिससे उनके समय और धन की बचत तो होती ही है साथ ही विभागीय अधिकारियों से सीधा संवाद हो जाता है।

संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी दो पालियों में विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से आम नागरिकों से जुड़ते है। प्रथम पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित की जाती है। जिला प्रशासन द्वारा 48 घंटे के भीतर समस्याओं का समाधान किया जाता है। अगस्त 2024 से लेकर अब तक जिले की 519 ग्राम पंचायतों के 500 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। आम नागरिकों की सुविधा के लिए संपर्क केंद्र द्वारा हेल्प लाइन नंबर 9201899925 भी जारी किया गया है।जिस पर कार्यालयीन दिवसों सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से 5.30 तक संपर्क किया का सकता है।

## आईटीआई बलौदाबाजार में मनाया गया सुशासन तिहार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 मई।** राज्य व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार के दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओ में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार (सकरी) में भी सुशासन तिहार मनाया गया जिसमें 12 अप्रैल से 25 अप्रैल तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को निबंध लेखन प्रतियोगिता, 17 अप्रैल लोक नृत्य, 22 अप्रैल को नुक्कड़ नाटक एवं 25 अप्रैल को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विक्रम साहू प्रथम, कौशल साहू द्वितीय एवं सूरज कैवर्त्य तृतीय,लोक नृत्य में रितेश प्रथम, मानस वर्मा द्वितीय एवं टाकेश्वर तृतीय, नुक्कड़ नाटक में नीरज,खिलेन्द्र महतारी वंदन योजना में प्रथम, कविता, मनीषा श्री पीएम आवास योजना में द्वितीय एवं थानू, मल्लिका नल-जल योजना में तृतीय, वाद विवाद प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, तमन्ना द्वितीय एवं सानिया तृतीय स्थान पर रहीं।

## एक नजर

### भू -अर्जन से सम्बंधित दावा आपत्ति 15 मई तक

**बलौदाबाजार, 3 मई।** भू अर्जन से सम्बधित दावा आपत्ति जिले के सबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू -अर्जन अधिकारी के कार्यालय में 15 अप्रैल 2025 तक लिखित रूप में दर्ज करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट http://balodabazar.gov.in का अवलोकन कर सकते है।

### सीईओ जिपं ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव 03 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुसुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कार्यों में तेजी लाने के लिए जिला पंचायत के सभाकक्ष में नोडल अधिकारी, उप अभियंता, तकनीकी सहायक और मनरेगा कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दिए गए जिम्मेदारियों को गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने कहा। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 मई 2025 तक अपूर्ण आवासों की स्थिति को पूरी तरह से सुधारने का आदेश दिया। इसके अलावा नये आवासों की स्वीकृति और छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के नाम आवास प्लस में जोडने की प्रक्रिया को भी त्वरित गति से पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से वर्ष 2023 तक स्वीकृत शेष आवासों को शीघ्र पूर्ण करें। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 27 हजार 968 नए आवासों की निर्माण प्रक्रिया को गति देने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरी किश्त जारी होते ही निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करें और इन आवासों को समय से पहले पूर्ण करें।

### शिवनाथ नदी में सिंचाई प्रयोजन हेतु लगाए गए अवैध पम्पों को किया गया जब्त



**राजनांदगांव 03 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार शिवनाथ नदी में सिंचाई प्रयोजन से लगाए अवैध पम्पों को जब्ती की कार्रवाई की गई। एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम एवं राजस्व, विद्युत, जल संसाधन की संयुक्त टीम ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोटरासरार और मोखला में शिवनाथ नदी में भोजलाल साहू और आत्माराम साहू द्वारा सिंचाई प्रयोजन के लिए लगाए गए पंपों को जब्ती कर कार्रवाई की गई। जब्त पंपों को जल संसाधन विभाग को सुपुर्द किया गया और पंचनामा तैयारी किया गया।

### बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

# टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले को मिला राज्यस्तरीय पुरस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 मई।** देश भर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान ज़ारी है जिसके तहत टीबी रोग की पहचान, उसकी जांच ,उपचार के संबंध में न केवल सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है अपितु आम जनजीवन में जागरूकता के साथ-साथ समुदाय की सहभागिता इस क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में भी ली जा रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्य स्तर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।



रायपुर के मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ,स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त सहसंचालक डॉ प्रियंका शुक्ला की उपस्थिति में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को प्रशस्ति पत्र सी.एम.एच.ओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के नेतृत्व में सभी स्टाफ ने प्राप्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रकार के घटक सम्मिलित हैं। जिसमें मरीज के लिए जांच की सुविधा जिले में निःशुल्क उपलब्ध है इसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स-रे एवं जीन एक्सपर्ट मशीन ट्रु नाट का उपयोग किया जाता है जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में माइक्रोस्कोपिक जाँच सुविधा उपलब्ध है।

इलाज के लिए मरीज को छः माह का डॉट्स का उपचार दिया जाता है जो निःशुल्क है। मरीज को निक्षय पोषण योजना अंतर्गत इलाज अवधि के दौरान एक हज़ार की नकद सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से शासन द्वारा प्रदान की जाती है। इस वर्ष जनवरी से लेकर अप्रैल तक 367 मरीज पहचाने गए हैं जो उपचार ले रहे हैं। टीबी मुक्त भारत अंतर्गत जिले में एक सौ दिवसीय निक्षय निरामय अभियान 7 दिसम्बर 2024 से 23 मार्च 2025 तक चलाया गया जिसमें जिले की 94 प्रतिशत जनसँख्या की सर्वे के माध्यम से टीबी स्क्रीनिंग की गई। ऐसे ही बलौदा बाज़ार जिले में वर्ष 2024 में 182 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया है जबकि 2023 में यह आकंड़ा 12 ही था। आम जन समुदाय से अभियान में सहयोग हेतु निक्षय मित्र भी बनाये गए हैं जो टीबी के मरीज को गोद लेकर अतिरिक्त पोषण सहयोग देते हैं। जिले में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सहित कई डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, व्यापारी, निक्षय मित्र बन टीबी के मरीजों को फ़ूड बास्केट प्रदान कर रहे हैं। जिले में अब तक 686 निक्षय मित्र पंजीकृत हुए हैं।

## निःशुल्क समर कैंप का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 3 मई।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ÷निःशुल्क समर कैम्प÷ दिव्य मुस्कान, का आयोजन स्थानीय संस्था भाग्य विधाता भवन नरसिंह विहार कॉलोनी तरेंगा रोड भाटापारा में 4 मई से 11 मई प्रतिदिन प्रातः 8ः00 बजे से 9ः30 बजे तक क्लास 5 वीं से 10 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए बाल व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित है । शिविर का प्रमुख आकर्षण - समय का पंछी उड़ता जाए डर के आगे जीत है एकाग्रता की शक्ति सफल करो सफलता मुहूर्त बानो आध्यात्मिक व्यक्तित्व आओ बने मास्टर सर्वशक्तिमान खुशी जैसी खुराक नहीं अपने आत्मविश्वास में वृद्धि कैसे करें स्वच्छता ही प्रभुता है सांस्कृतिक कार्यक्रम विविध प्रतियोगिताएं आकर्षक उपहार भी प्रदान की जाएगी । शिविर के लिए पंजीयन फार्म स्थानीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंह विहार कॉलोनी भाटापारा में निःशुल्क उपलब्ध है, इसके अलावा सेवा केंद्र पर मोबाइल नम्बर 88178 39030 के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। अतः सभी विद्यार्थियों एवं पालकों से विनम्र निवेदन है कि समय से पूर्व बच्चो का रजिस्ट्रेशन कराकर सीट आरक्षित करा लें। शिविर पूर्णतः निशुल्क है। 4 मई 2025 रविवार को प्रातः 8ः00 बजे से समर कैंप का विधिवत उदघाटन मेहमानों के द्वारा किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों के साथ पालकों की भी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। निवेदक, राजयोग शिक्षिका बी के मंजू दीदी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा ने उक्त जानकारी दी।

# गौवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए करें जरूरी उपायः पटेल

■ गोवंश की घटती संख्या पर जताई चिंता, गौपालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 मई।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर सिंह पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौवंश की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की गई। गौवंश को मनुष्य का महत्वपूर्ण सहायक प्राणी के रूप में निरुपित करते हुए गौपालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि गौ को माता माना गया है और माता की रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। गौवंश एक चलता फिरता रसायन शास्त्र है जिसमें जीवन के सार समाहित है। गोबर और गोमूत्र में विशेष औषधीय गुण होने के कारण कई खतरनाक बीमारियों का ईलाज भी संभव है। उन्होंने कहा कि आज गौवंश की संरक्षण और संवर्धन के लिए जरुरी उपाय के साथ सामूहिक प्रयास भी आवश्यक है। उन्होंने निराश्रित गौवंश की व्यवस्थापन के लिए पशु पालन विभाग के अधिकारियों को पहले निराश्रित गौवंश का सर्वे कर संख्या संकलित करने कहा। आगामी बारिश के मौसम में सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों के आश्रय के लिए उपयुक्त स्थल का चिन्हांकन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध रूप से गोवंश के परिवहन पर कड़ी निगरानी एवं सम्बंधितो पर कार्यवाही हेतु पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया।

## 8 नगरीय निकायों में 48 स्थानों पर आयोजित होंगे समाधान शिविर

**बलौदाबाजार, 3 मई।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत तृतीय चरण 5 मई 2025 से शुरू हो रहा है जिसमें जिले के 8 नगरीय निकायों में 48 स्थानों पर समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक आयोजित होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मई को नगर पालिका बलौदाबाजार में वार्ड क्रमांक 3 दुर्गा चौक, नगर पंचायत लवन मे स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नगर पंचायत पलारी में ठाकुर देव चौक, 6 मई को नगर पंचायत रोहांसी में आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में समाधान शिविर आयोजित किये जाएंगे। इसीतरह 7 मई को नगर पालिका भाटापारा में शीतला मंदिर के पास, नगर पालिका सिमगा में शक्ति कान्वेंट स्कूल, नगर पंचायत पलारी में सरस्वती चौक, नगर पंचायत रोहांसी में ठाकुरदिया चौक, नगर पंचायत लवन में गुरूघासीदास सांस्कृतिक भवन लवन कलस्टर क्रमांक-2, नगर पंचायत कसडोल गुरूघासीदास भवन कलस्टर क्रमांक-1, 8 मई को नगर पंचायत रोहांसी में महामाया चौक।

## सुशासन तिहारः समस्या का हुआ समाधान, श्रवण यंत्र पाकर चंद्रिका के जीवन में लौटी आवाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 03 मई।** लवन तहसील के ग्राम खटियापाटी की 17 वर्षीय चंद्रिका साहू के लिए हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार किसी वरदान से कम नहीं रहा। बचपन से ही 60 प्रतिशत तक सुनने में असमर्थ चंद्रिका ने ग्राम पंचायत में आयोजित चौपाल के दौरान अपनी परेशानी सामने रखी थी। उसके आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यन्त्र उपलब्ध कराया गया। श्रवण यन्त्र से चन्द्रिका अब पूरी तरह सुन सकती है। चंद्रिका ने बताया कि कान से सुनाई न देने के कारण पढ़ाई और दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।



उसने चौपाल में समाजकल्याण विभाग से श्रवण यंत्र की मांग की थी ताकि वह सामान्य जीवन जी सके। शासन ने उसकी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की और समाजकल्याण विभाग के माध्यम से उसे श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने के बाद चंद्रिका ने खुशी जताते हुए कहा कि अब वह पहले की तुलना में स्पष्ट और आसानी से सुन पा रही है। उसने सरकार और प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुशासन तिहार जैसी पहल से ग्रामीणों को सीधे लाभ मिल रहा है और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है। यह घटना न सिर्फ शासन की संवेदनशीलता को दर्शाती है बल्कि यह भी साबित करती है कि यदि मंच और मौका मिले तो हर जरूरतमंद तक मदद पहुँचना संभव है।

## सांसद बृजमोहन के जन्मदिवस पर सेन समाज ने नशा मुक्ति का लिया संकल्प



**रायपुर, 3 मई।** सर्व सेन समाज रायपुर के तत्वाधान में रायपुर लोकसभा के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी के जन्मदिन एक में के उपलक्ष में नया रायपुर सेक्टर 23 तुता में नव निर्माणाधीन सेन भवन एवं मंदिर में, आवश्यक बैठक कर माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ,के जन्मदिन को शांतिपूर्वक मनाया गया तथा तंबाकू एवं धूम्रपान के दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए सभी समाज जनों में मिलकर नशा मुक्त समाज बनाने का निर्णय लिया,/ एवं 1 मई को सांसद महोदय जी के जन्म दिवस पर सभी ने नशा नहीं करने की शपथ ली, उक्त कार्यक्रम में रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के साथ प्रदेश पदाधिकारी श्री सुशील कौशिक ,राम शंकर श्रीवास, श्रीमती कांति खेदन सेन, श्रीमती संतोषी दौलत राम सेन, राधेश्याम श्रीवास, रमेश दाउलाल श्रीवास, संतोष ठाकुर हेमलाल सेन अनिल ठाकुर ,श्रीमती श्यामा सेन दिलीप सेन, प्रदेश सचिव अनिल सेन, आदि उपस्थित थे।


## आम-सूचना

एतद द्वारा आमजनों एवं फर्मों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय ग्राम पंचायत करहीभदर प्रस्ताव क्रमांक 02 बैठक दिनांक 20.03.25 के अनुसार ग्राम पंचायत में पेयजल की समस्या को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने हेतु नया पानी टैंकर क्रय किया जाना है।

अतः इच्छुक फर्म (एजेंसी) बंद लिफाफा में सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस दिनांक 10.5.25 को अपना कोटेशन व टीन नं. सहित विवरणिका कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता (सरपंच) के पास जमा किया जा सकता है। समयावधि उपरान्त प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत करहीभदर**
**वि.ख.व. जिला बालोद (छ.ग.)**


# आदिगुरु शंकराचार्य भगवान के प्राकट्य महोत्सव में सत्संग रूद्राभिषेक व आराधना कार्यक्रम संपन्न हुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 3 मई।** आदि गुरु शंकराचार्य भगवान के 2532 वें प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर मारवाड़ी कुंवा शिवमंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक पूजन आराधना एवं सत्संग का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री जी ने शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया आदि शंकराचार्य जी का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ हिंदू धर्म को विच्छेद करने विदेशी षड्यंत्रकारो द्वारा आक्रमण हो रहा था अनेकों पंथ कापालिक बौद्ध पाखंडवाद नास्तिकवाद का तांडव नृत्य चल रहा था। मठ, मंदिर ,तीर्थ, धाम ,पूजा, यज्ञ ,पाठ ,भजन कथा, सत्संग लुप्तप्राय हो चुका था इस संकट काल में भगवान शिव केरल के काल्टी ग्राम में प्रकट होकर 8 वर्ष की आयु में सन्यास ग्रहण कर देश के कोने-कोने में भ्रमण करते हुए शास्त्रार्थ के द्वारा सभी मत मतान्तरो को पराजित कर राजा सुधन्वा को अपने वश में कर धर्म नियंत्रित शासन तंत्र की स्थापना की। पंचदेव उपासना की आदर्श परंपरा को उन्होंने प्रतिष्ठित किया चारों धाम एवं विभिन्न ज्योतिर्लिंग तथा शक्तिपीठों को पुर्नवासित कर सनातन वैदिक सिद्धांत की स्थापना की।भगवान आदि गुरु शंकराचार्य जी ने शासन तंत्र एवं व्यासपीठ का शोधन कर राजतंत्र में दिशाहीनता ना आवे सनातन संस्कृति का संरक्षण हो इस भावना से चार दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर सनातन धर्म की ध्वजा को फहराया वह आज भी शाश्वत है पूरे हिंदुओं की आस्था के महान केंद्र हैं। भगवान शंकराचार्य जी ने गुरु परंपरा के माध्यम से देश में भ्रमण करते हुए सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण का दायित्व प्रदान किया । आज भी उसी परंपरा की अधिक आवश्यकता है जिससे हमारा पर्यावरण नदी, पर्वतमाला ,सागर ,शिक्षण संस्थान,आश्रम व्यवस्था उसी परंपरा में सुदृढ़ रूप से स्थापित हो सके। इस परंपरा में गोवर्धन मठ पुरी पीठ के 145 वे जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग द्वारा प्रस्तुत राष्ट्र उत्कर्ष अभियान यात्रा के माध्यम से भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो सुसंस्कृत, सुशिक्षित, सुरक्षित, संपन्न,सेवा पारायण ,सर्वहितकारी व्यक्ति तथा समाज की संरचना विकास तथा राजनीति की परिभाषा हो,इस संकल्प के साथ पूरे देश में धर्म सभा एवं संगोष्ठी का प्रकल्प निश्चित है इस पावन महायज्ञ में आप सभी जुड़कर जीवन को धन्य बनावे तथा भगवान शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन को पाठ्य पुस्तक में शिक्षा प्रणाली में स्थान प्राप्त हो उसकी अधिक आवश्यकता है । कार्यक्रम में वीरेंद्र शर्मा प्रेमचंद भूषणिया दीपक राय नरेश शर्मा विजय शर्मा सत्यनारायण जोशी राजेंद्र शर्मा महेश गुप्ता पंडित अविनाश पंडित प्रकाश तिवारी राकेश चौबे राजेंद्र ओझा रवि गुप्ता गोविंद जी नरेश चौबे एकांश गुप्ता अंश शर्मा शिवांश बावला पंडित सुनील शर्मा प्रतिमा गुप्ता रेखा शर्मा उषा मिश्रा आशा शर्मा सरिता शर्मा संगीता चौरसिया ज्योति मल चीत्तु साहू आदि श्रद्धालु भक्तजन एवं पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के सदस्य उपस्थित थे।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)

(जल जीवन मिशन)

"ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना" ( निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां.विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है-

| क्र. | निविदा क्रमांक/दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | ग्राम | कार्य की लागत (रू.लाख) | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 6/29.04.2025 | 167705 | Usoor | AREPALLI (G.P.Kanchal) | 17.05 | 3rd Call | 12788/- |
| 2 | 7/29.04.2025 | 167707 | Bhopal Patnam | FANDIWAYA (G.P.Sandra) | 09.15 | 4th Call | 6863/- |
| 3 | 8/29.04.2025 | 167708 | Bhopal Patnam | JARAGUDA (G.P.Sandra) | 10.62 | 4th Call | 7965/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date ) **23.05.2025** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) **02.05.2025** से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

**G-252600627/4**

## एक नजर

### निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**रायपुर, 3 मई।** श्याम सत्संग मंडल महिला समिति द्वारा आज चौबे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में गरीब झुग्गी-बस्ती निवासियों के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष संगीता सरावगी एवं सचिव राज अग्रवाल ने बताया कि केंद्र का उद्घाटन रायपुर महापौर मीनल चौबे द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद आनंद अग्रवाल के आतिथ्य,विशिष्ट अतिथि कविता राठी एवं समाजसेवी अनिता खंडेलवाल,बिंदिया अग्रवाल,एकता मित्तल,रेशम अग्रवाल की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरुवात 2 ट्रेनर द्वारा की गई जो हमेशा प्रशिक्षण लेने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 3 मई।** शंकरनगर ओलपस जीम के पास स्थित सूने मकान के किचन का खिड़की तोड़कर नकदी 35 हजार सहित चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद ईब्राहिम 63 वर्ष शंकर नगर ओलपस जीम के पास रहता है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान के खिड़की के कांच को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे नकदी 35 हजार सहित चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से नकदी व गहनों की चोरी, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 3 मई।** ईश्वर नगर नाहरपारा स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 1500 रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रर्थिया सुनीता निर्मलकर 32 वर्ष ईश्वर नगर नाहरपारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने छत के रास्ते से उसके घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 1500 रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 57300 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# जिला सहकारी बैंक में करोड़ों का घोटाला, 6 बैंककर्मी बर्खास्त

**रायपुर, 3 मई।** राजधानी के जिला सहकारी बैंक में हुए करोडो के घोटाले में पंजीयक ने बड़ी कार्रवाई की है। 30 अप्रैल को हुए स्टाफ कमेटी की बैठक में बोर्ड ने छह बैंक कर्मियों को बर्खास्त करते हुए 2 को पदावनत कर दिया है। वही घोटाले में शामिल अन्य कर्मियों का वेतनवृद्धि रोकने का निर्णय लिया गया है। बैंक प्रबधन ने प्रेस रिलीज जारी कर बैठक और लिए गए निर्णय की जानकारी सार्वजानिक किया।

साल 2016 से 2023 के बीच जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के सीओडी ब्रांच में 3.09 करोड़ रुपये का घोटाला करने वाले पांच कर्मचारी चंद्रशेखर डग्गर, संजय शर्मा, विजय कुमार वर्मा, घनश्याम देवांगन एवं पंकज सराफ को सेवा से बर्खास्त किया गया है। सभी ने सुनियोजित तरीके से बैंक के आंतरिक खाते से पैसा अपने निजी खातों में ट्रांसफर किया था। इस दौरान बैंक मैनेजर रहे अशोक पटेल एवं प्रकाश गवारले का डिमोशन किया गया है। वही घोटाले में शामिल अन्य कर्मचारियों का वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने और उनसे वसूली की जा जाएगी। जिला सहकारी बैंक के गंज एवं खोरपा शाखा में 1.01 करोड़ के गबन करने वाले 04 कर्मचारीयो में मुख्य आरोपी विजय कुमार वर्मा को सेवा से बर्खास्त करते हुए घोटाले में शामिल रही शारदा वर्मा का डिमोशन किया गया और दो अन्य कर्मियों का कर्मचारियों का वार्षिक वेतनवृद्धि रोककर उनसे वसूली की जाएगी। बलौदाजार जिले के शाखा बटगन बैंककर्मियों ने 3.45 करोड़ रुपये का गबन किया था। घोताले के मुख्य आरोपी सूरज कुमार साहू को सेवा से बर्खास्त करने एवं वसूली प्रकरण दायर करने का निर्णय पारित किया गया। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी व आयुक्त कुलदीप शर्मा ने कहा कि सहकारी बैंकों में अनियमितता के प्रकरणों में लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा बैंको के कार्यो को पारदर्शी व जवाबदेही तय करने के प्रयास निरंतर जारी है। बैंको में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दास्त नही की जावेगी।

## जटिल रोगों की एंडोस्कोपी पर कार्यशाला



**रायपुर, 3 मई।** सुयश अस्पताल रायपुर में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय जटिल एंडोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रक्रिया 3 एवं 4 मई 2025 सुयश अस्पताल कोटा गुढ़ियारी रोड रायपुर में राखी गयी है,इसमें पेट आंत लिवर और पैंक्रियास ग्रंथि के रोगो का जटिल इलाज एंडोस्कोपी के माध्यम से किया जायेगा। इस कार्यशाला का नेतृत्व सुयश अस्पताल के गैस्ट्रोइंट्रोनोलोजी विभाग के निर्देशक डॉ मनोज लाहोटी और मुख्य सलहाकारगैस्ट्रोएंट्रोनोलॉजी डॉ अमित जोशी ने किया है। कार्यशाला में भारत और विदेश से प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने भाग लिया। जिसमे शामिल है -

डॉ राधिका चव्हाण (पुणे), डॉ अमिताभ नायक (इंग्लैंड, यू. के.), डॉ प्रकाश दलाई (भुबनेश्वर, ओड़िशा) इस कार्यशाला में जटिल रोगो का एंडोस्कोपी उपचार किया जायेगा जैसे एक्लेसिया कार्डिया से पीड़ित मरीजों का इलाज के माध्यम से किया गया। ये सभी मरीज खाना निगल पाने में असमर्थ थे। पैंक्रियास ग्रंथि में पानी का थैला स्यूडोसिस्ट को मेटालिक स्टंट द्वारा एंडोस्कोपी प्लेसमेंट आहार नाली व अमाशय के फूली हुई नशों में इंजेक्शन ग्लू और काइल जैसी नविन तकनीकों का उपयोग किया गया। ह्रदय एवं स्वास नाली के समीप गांठ से नमूना नकल कर विश्वस्तरीय जांच को संपन्न किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सरपंचों की संयुक्त बैठक में जल संकट पर मंथन

**रायपुर, 3 मई।** बेमेतरा जिला पंचायत कार्यालय में दिनांक 30 अप्रैल 2025 को एक महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजन किया गया, यह बैठक जिले के बेरला ब्लॉक में चल रहे जल संकट की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए बुलाई गई थी, जिसमें आसपास के लगभग 20 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया। बैठक में योगेश तिवारी ने कहाँ कि बेमेतरा और बेरला ब्लाक में जल संकट की समस्या लगातार बढ़ रहीं गर्मी के दिनों भीषण जलसंकट का सामना सभी पंचायतों में आम जनता को करना पढ़ रहाँ है। जल का स्तर दिनों दिन नीचे जा रहाँ है और भारतीय जनता पार्टी की बिष्णु देवी जी की सरकार जल संकट को दुर करने के लिये लगातार प्रयास कर रहीं है।

और ईसलिये हम सब को मिलकर पानी के लिये नई कार्य योजना बनाने की ज़रूरत है। जिसे जल संकट दुर हो सके। ईसलिये हम सब यह बैठक आहुत की गई है। और बैठक में पंचायत क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही जल संकट की जटिल समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। गर्मी के मौसम में जल स्त्रोतों के सूखने और गिरते जल स्तर को देखते हुए, पेयजल की स्थिति गंभीर होती जा रही है।

## जीएसटी संग्रह पर सीएम व वित्तमंत्री को कैट की बधाई

**रायपुर, 03 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ बना जीएसटी संग्रह में अग्रणी राज्य, कैट ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी को हार्दिक बधाई दी एवं छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4,135 करोड़ का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, और बिहार जैसे बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है। राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर अमर पारवानी ने कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है, साथ ही छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों का विश्वास है एवं व्यापारी छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ के लिए संकल्पित है।

पारवानी एवं दोषी ने आगे बताया कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिनसे निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है। सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर-जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति, सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता, पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है। सरकार की इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है। छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है।

## बस्तर नक्सल मुक्त हो, लेकिन जंगल-पहाड़ नहीं बिकने देंगे: महंत



रायपुर, 3 मई। बस्तर में विकास और सुरक्षा को लेकर सियासत गरमा गई है। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता महंत ने एक बार फिर बस्तर में नक्सलमुक्ति की मांग उठाई, लेकिन साथ ही उद्योगों के विस्तार पर सवाल खड़े कर दिए। उनका कहना है कि बस्तर को शांत और सुरक्षित तो होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यहां की जमीनें उद्योगपतियों को बेच दी जाएं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने स्पष्ट कहा, ÷बस्तर को उद्योगों का अड्डा नहीं बनने देंगे। अगर सरकार ने कॉरपोरेट घरानों को जमीनें दीं या जंगलों को काटने का काम शुरू किया, तो हम जनता के साथ मिलकर विरोध करेंगे। जब महंत से पूछा गया कि क्या वे छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष की दौड़ में हैं, तो उन्होंने साफ इनकार किया। बोले, मैं पीसीसी अध्यक्ष की दौड़ में नहीं हूं। पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसे निभाऊंगा। राजनीतिक गलियारों में इसे कांग्रेस के अंदर चल रही खींचतान और सशक्त नेतृत्व की तलाश से जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं, महंत के बयान से यह भी साफ होता है कि कांग्रेस का एक धड़ा आदिवासी क्षेत्र में अंधाधुंध औद्योगिकरण के खिलाफ है।

## नशा करने से रोका तो युवक पर चाकू से हमला



**रायपुर, 3 मई।** राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शहर के संतोषी नगर इलाके में नशा करने से मना करने पर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना का लाइव सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत संतोषी नगर की है, जहां चिकन सेंटर संचालक इश्तियाक खान ने अपने घर के पास कुछ युवकों को नशा करने से रोका था। इसी बात से नाराज़ होकर आरोपी मुनाफ मेमन उर्फ टाइगर ने अपने साथियों अमान अख्तर, रिहान, तालिब, फैजल और अन्य के साथ मिलकर इश्तियाक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने न सिर्फ चाकू से वार किया, बल्कि लाठियों से भी पीड़ित को बुरी तरह पीटा। यह हमला उस समय हुआ जब इश्तियाक खान अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहा था। हमले में उसे सर, पेट और जांघ पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

टिकरापारा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26